


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-06 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 09 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## दिल्ली में भाजपा ने फहराया जीत का परचम









नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव की विधानसभा सीट से अरविन्द केजरीवाल की हार हो गयी है। वहीं बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा की जीत हुई है। भाजपा 48 सीटे, आम आदमी पार्टी ने 22 सीटें कांग्रेस का दिल्ली विधानसभा चुनाव में खाता ही नहीँ खुला जंगपुरा विधानसभा सीट से पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया को भारतीय जनता पार्टी (BJP) के उम्मीदवार तरविंदर सिंह मारवाह ने हरा दिया है। इससे पहले 7 फरवरी को चुनाव आयोग ने दिल्ली में पड़े कुल मतदान का आंकड़ा पेश किया था। चुनाव आयोग के मुताबिक, दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों पर कुल 60.54 फीसदी मतदान हुआ था।

दिल्ली में पिछले दो विधानसभा चुनावों में दबदबा बनाने वाली आप ने 2020 के चुनाव में 70 में से 62 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा ने आठ सीटें अपने नाम की थी। दिल्ली में 15 साल तक राज करने वाली कांग्रेस पिछले दो विधानसभा चुनावों में अपना खाता खोलने में विफल रही और इस बार भी उसका प्रदर्शन ऐसा ही रहा है।

### बीजेपी ने मिल्कीपुर में लिया अयोध्या की हार का बदला, चंद्रभानु पासवान ने सपा के 'पोस्टर बॉय' से छीनी जीत

अयोध्या (आरएनएस)। अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में बीजेपी ने बाजी मार ली है. बीजेपी के चंद्रभानु पासवान ने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अजीत प्रसाद को 60 हजार से अधिक वोटों से मात देते हुए जीत हासिल की है. माना जा रहा है कि मिल्कीपुर में जीत के साथ बीजेपी ने लोकसभा चुनाव में अयोध्या में मिली हार का बदला ले लिया है.

## महबूबा और उनकी बेटी क्या सच में हुईं हाउस अरेस्ट?

**इल्तिजा कर रहीं हैं घर से बाहर नहीं निकलने देने का दावा**

नई दिल्ली,(ए)। महबूबा मुफ्ती और उनकी बेटी को हाउस अरेस्ट करने के दावे किए जा रहे हैं। यह दावा किसी और ने नहीं बल्कि खुद महबूबा की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने शनिवार को किया है।जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने शनिवार सुबह सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए दावा किया कि उन्हें और उनकी मां को हाउस अरेस्ट किया गया है। इल्तिजा का कहना है कि उनकी मॉं महबूबा को सोपोर जाने से रोका गया है, जबकि इल्तिजा खुद को कठुआ जाना था, लेकिन घर से निकलने नहीं दिया गया है। सोपोर में इसी हफ्ते ट्रक चालक वसीम अहमद मीर की मौत हुई थी. जिनसे मिलने महबूबा जाना चाह रहीं थीं ।

## उज्जैन सिंहस्थ 2028 के भव्य आयोजन के संकल्प के साथ आया हूं प्रयागराज : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों की ओर से पवित्र संगम में लगाई आस्था की डुबकी**



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महाकुंभ सनातन संस्कृति का गौरवशाली उत्सव है। विशेष ग्रह नक्षत्रों के शुभ संयोग में होने वाले महाकुंभ में सभी की आस्था का प्रकटीकरण होता है। साथ ही साधु-संतों के सान्निध्य में आत्मिक और आध्यात्मिक उन्नति का अवसर भी प्राप्त होता है। भारत वर्ष में प्रत्येक 12 वर्ष में अलग-अलग चार नगरों में होने वाले कुंभ में स्नान का अवसर कई जन्मों के पुण्य से प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रयागराज के महाकुंभ में पधारे श्रद्धालुओं को इस सौभाग्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वे उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ : 2028 के दिव्य और भव्य आयोजन की तैयारी के संकल्प के साथ प्रयागराज आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पवित्र संगम में डुबकी लगाने के बाद प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के बाद कहा कि माँ गंगा, जमुना और सरस्वती की कृपा है, संगम का किनारा है। प्रयागराज सभी तीर्थों का राजा है। यहां आज कुंभ स्नान का जो आनंद आया है वह कई जन्मों के पुण्य के बाद प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माँ गंगा, यमुना और सरस्वती का प्रवाह अनंत काल तक निर्बाध रहे, सबका मंगल एवं कल्याण हो, ऐसी कामना करता हूँ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रयागराज महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं राज्य सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से उत्तरप्रदेश सरकार ने इस भव्य महाकुंभ का कुशलता से आयोजन किया है।

## दिल्ली चुनाव में हार के बाद केजरीवाल का बयान आया सामने, कही ये बड़ी बात

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के परिणाम आम आदमी पार्टी के लिए जोर का झटका है। हैट्रिक की कोशिश में पार्टी को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी है। वहीं, भाजपा ने 28 साल बाद बड़ी जीत हासिल की है। हार के बाद आप सुप्रीमो केजरीवाल का वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्होंने अपनी हार स्वीकार की है।आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हार के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा कि हम लोगों के जनादेश को बड़ी विनम्रता से स्वीकार करते हैं। मैं भाजपा को इस जीत के लिए बधाई देता हूं। केजरीवाल ने आगे कहा कि उम्मीद करता हूं कि वे उन सभी वादों को पूरा करेंगे जिनके लिए लोगों ने उन्हें वोट दिया है।बता दें कि दिल्ली की 13 हॉट सीट्स ऐसी थीं जिन पर सबकी निगाहें टिकी थीं।

## जनता को बार-बार झूठे वादों से गुमराह नहीं किया जा सकता : अमित शाह

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। भाजपा कार्यालयों में जश्न शुरू हो चुका है। नई दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को पटखनी दी है। भाजपा ने 45 से ज्यादा सीटों पर अपनी बढ़त बनाई हुई है या जीत चुकी है। इस शानदार प्रदर्शन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली भाजपा को बधाई दी है।



अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, दिल्लीवासियों ने बता दिया कि जनता को बार-बार झूठे वादों से गुमराह नहीं किया जा सकता। जनता ने अपने वोट से गंदी यमुना, पीने का गंदा पानी, टूटी सड़कें, ओवरफ्लो होते सीवरों और हर गली में खुले शराब के ठेकों का जवाब दिया है। दिल्ली में मिली इस भव्य जीत के लिए अपना दिन-रात एक करने वाले भाजपा दिल्ली के सभी कार्यकर्ताओं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को हार्दिक बधाई देता हूं। चाहे महिलाओं का सम्मान हो, अनधिकृत कॉलोनीवासियों का स्वाभिमान हो या स्वरोजगार की अपार संभावनाएं, मोदी जी के नेतृत्व में दिल्ली अब एक आदर्श राजधानी बनेगी।एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा, दिल्ली में झूठ के शासन का अंत हुआ है। यह अहंकार और अराजकता की हार है। यह 'मोदी की गारंटी' और मोदी जी के विकास के विजन पर दिल्लीवासियों के विश्वास की जीत है। इस प्रचंड जनादेश के लिए दिल्ली की जनता का दिल से आभार। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा अपने सभी वादे पूरे कर दिल्ली को विश्व की नंबर 1 राजधानी बनाने के लिए संकल्पित है। तीसरे पोस्ट में उन्होंने लिखा, दिल्ली के दिल में मोदी, दिल्ली की जनता ने झूठ, धोखे और भ्रष्टाचार के 'शीश महल' को नेस्तनाबूत कर दिल्ली को 'आप-दा' मुक्त करने का काम किया है।

## आप के चुनाव हारते ही दिल्ली सचिवालय सील, प्रशासन ने अधिकारियों को जारी किए ये निर्देश

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों की मतगणना के बीच प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। हाल ही में भाजपा की जीत के बाद चुनावी हलचल में बढ़ोतरी को देखते हुए, सरकारी दस्तावेजों और डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाया गया है। संयुक्त सचिव प्रदीप तायल ने अधिकारियों को तुरंत दिल्ली सचिवालय पहुँचने का आदेश जारी करते हुए कहा कि, सुरक्षा चिंताओं और रिकॉर्ड्स की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, यह अनुरोध किया जाता है कि प्रशासनिक विभाग की अनुमति के बिना कोई भी फाइल, दस्तावेज, कंप्यूटर हार्डवेयर आदि दिल्ली सचिवालय परिसर से बाहर न ले जाया जाए।

इसके अतिरिक्त, आदेश में निर्देश दिया गया है कि दिल्ली सचिवालय में स्थित सभी विभागों और कार्यालयों के ब्रांच इंचार्ज अपने-अपने सेक्शन में रिकॉर्ड्स, फाइलों, दस्तावेजों तथा इलेक्ट्रॉनिक फाइलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करें। इस निर्णय का उद्देश्य चुनावी माहौल में सरकारी दस्तावेजों और डेटा की सुरक्षा को मजबूत करना है।

## नर्मदा महाविद्यालय के आडिटोरियम में 14 फरवरी को होगा सम्मान समारोह

**स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार, मूर्धन्य पत्रकार विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में 29 वर्ष से हो रहे हैं आयोजन**

**आयोजन के लिए विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समिति की बैठक में लिए गए अनेक निर्णय**



नर्मदापुरम (निप्र)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लेखक कवि मूर्धन्य पत्रकार समाजसेवी स्व, विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समिति की बैठक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने अनेक निर्णय लिए। इस अवसर पर भोपाल से आए वरिष्ठ पत्रकार दैनिक क्षितिज किरण समूह के प्रधान संपादक केके सक्सेना, युवा पत्रकार दैनिक क्षितिज किरण के निदेशक विलक्षण सक्सेना, भोपाल की ब्यूरोचीफ श्रीमती भावना सक्सेना, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा सहित समिति के अनेक सदस्यों की मौजूदगी में आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चाएं करते हुए निर्णय लिए गए।डॉ शर्मा की सहमति से कार्यकारिणी के में संरक्षक पं गिरिमोहन गुरू शास्त्री नित्यगोपाल कटारे संयोजक मार्गदर्शक डॉ सीतासरन शर्मा अध्यक्ष केके सक्सेना उपाध्यक्ष बलराम शर्मा अभय वर्मा शैलेंद्र नाथ श्रीवास्तव कार्यक्रम सचिव विलक्षण सक्सेना सांस्कृतिक सचिव विजय प्रकाश श्रीवास्तव तुकाराम यादवेश भानू प्रकाश श्रीवास्तव मनोज सोनी कोषाध्यक्ष श्रीमती भावना सक्सेना संगठन सचिव भूपेंद्र चौकसे नंद किशोर यादव शरीफ राइन संगठन सह सचिव श्याम राय कमल चव्हाण कार्यकारिणी सदस्यों में पीयूष शर्मा महेंद्र यादव कमलेश चौधरी अजय निगम सुनील गौर सजेंद्र श्रीवास्तव अमित पाराशर श्रीमती रश्मि शर्मा श्रीमती हिना अली सुश्री खुशबू बूलचंदानी रामू चौहान गजेंद्र राजपूत प्रकाश शर्मा ने अनेक सुझाव दिए। अध्यक्ष केके सक्सेना ने भोपाल में 29 वर्षों से आयोजित होते रहे समारोह के बारे में समिति के सदस्यों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि संयोजक मार्गदर्शक डॉ शर्मा की सहमति व मार्गदर्शन में कार्यकारिणी के सदस्यों की चयन समिति द्वारा सम्मानित होने वाली विभूतियों के नाम तथा समारोह में आने वाले मुख्य अतिथि व अतिथियों के नाम जल्द तय किए जा रहे हैं।कार्यक्रम सचिव विलक्षण सक्सेना ने अवगत कराया कि भोपाल में आयोजित होने वाले समारोह की परंपरानुसार ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान, कर्मठ राजनीतिज्ञ सम्मान, पत्रकारिता सम्मान, समाजसेवी सम्मान, साहित्यसेवी सम्मान, पत्र छायाकार सम्मान, कुशल प्रशासक सम्मान, विधि सेवी सम्मान व संचार सेवी सम्मान के नाम तय होंगे।

## दिल्ली चुनाव के रुझानों पर संजय राउत बोले, आप- कांग्रेस साथ लड़ते तो अच्छा होता

मुंबई (आरएनएस)। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने दिल्ली में भाजपा की बढ़त पर कहा कि यहां पर महाराष्ट्र जैसा पैटर्न लागू करने की कोशिश की गई है। यह कोशिश भाजपा को जिताने के मकसद से की गई है। साथ ही उन्होंने इंडी अलायंस में तालमेल को लेकर भी राय रखी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच तालमेल अच्छा होता, तो दोनों के बीच संबंध अच्छे होते, तो आज की तारीख में दिल्ली में चुनावी माहौल कुछ और होता। लेकिन अफसोस, ऐसी स्थिति दिल्ली में देखने को नहीं मिली। संजय राउत ने उमर अब्दुल्ला के पोस्ट के संदर्भ में कहा कि इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का प्रतिद्वंदी अगर कोई है, तो वो भाजपा है। हमें यहां पर एक बात समझनी होगी कि भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए आम आदमी पार्टी भी लड़ती है और कांग्रेस भी लड़ती है, लेकिन दोनों अलग-अलग लड़ती हैं।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के रुझानों पर बोले अन्ना हजारे, शराब की वजह से केजरीवाल हुए बदनाम



नई दिल्ली ,08 फरवरी (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर शनिवार को चुनाव आयोग द्वारा जारी शुरुआती रुझानों में भाजपा को पूर्ण बहुमत का आंकड़ा मिला है। शुरुआती रुझानों के अनुसार, भाजपा 48 सीटों पर और आम आदमी पार्टी 22 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं। 10 साल से सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी एक करारी हार की ओर बढ़ रही है। इस बीच समाजसेवी अन्ना हजारे का बयान भी सामने आया है।

अन्ना हजारे ने मीडिया से कहा, केजरीवाल शराब के कारण बदनाम हुए और उन्होंने दिल्ली की जनता का विश्वास खो दिया। मैं लंबे समय से कह रहा हूं कि चुनाव लड़ते समय उम्मीदवार का चरित्र अच्छा होना चाहिए, उसके विचार अच्छे होने चाहिए और उसकी छवि पर कोई दाग नहीं होना चाहिए। लेकिन, उन्हें (आप) यह समझ में नहीं आया। वे शराब और पैसे में उलझ गए। शराब घोटाले की वजह से अरविंद केजरीवाल की छवि खराब हुई और इसलिए उन्हें चुनाव में कम वोट मिल रहे हैं। लोगों ने देखा कि अरविंद केजरीवाल चरित्र की बात करते हैं लेकिन खुद शराब में लिप्त हो जाते हैं। राजनीति में आरोप लगते रहते हैं। ऐसे में नेता को जनता के सामने जाकर साबित करना पड़ता है कि उस पर लगाए गए आरोप झूठे हैं। आरोप लगाने से सच बदल नहीं जाता है।

केजरीवाल के साथ संबंधों पर उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान दिल्ली में राजनीतिक पार्टी बनाने के लिए एक मीटिंग बुलाई गई थी। मैं उस मीटिंग में नहीं गया था। केजरीवाल ने पार्टी बनाई, नई पार्टी को दिल्ली की जनता ने बहुमत दिया। सरकार बनी। लेकिन, शराब घोटाले में केजरीवाल बदनाम हुए। लोगों का विश्वास खोया। आज जो चुनावी परिणाम आए हैं वह इसी का नतीजा है।बता दें कि 70 सीट पर मतगणना जारी है। चुनाव आयोग के शुरुआती रुझान में भाजपा जबरदस्त जीत की ओर आगे बढ़ रही है और आम आदमी पार्टी पिछड़ती जा रही है।

## झूठ और फरेब की राजनीति का अंत हुआ, केजरीवाल की हार पर बोले अनिल विज

अंबाल (आरएनएस)। दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा सत्ता में वापसी करने जा रही है। भाजपा 45 से ज्यादा सीटों पर आगे चल रही है या जीत चुकी है। वहीं, 10 साल से सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी का तीसरी बार सरकार बनाने का सपना बुरी तरह से टूटा है।

नई दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भाजपा के प्रवेश वर्मा से चुनाव हारे हैं। केजरीवाल इस सीट पर चौथी बार चुनाव लड़ रहे थे। तीन बार चुनाव जीत चुके केजरीवाल चौथी बार अपनी सीट नहीं बचा पाए हैं। केजरीवाल के अलावा आम आदमी पार्टी के कई दिग्गज अपनी सीट नहीं बचा पाए हैं। जंगपुरा से पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी चुनाव हारे हैं। नई दिल्ली सीट से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की हार पर हरियाणा सरकार में मंत्री अनिल विज ने जोरदार निशाना साधा है। अनिल विज ने कहा, दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। मोदी जी का जलवा सर चढ़कर बोल रहा है और आम आदमी पार्टी के बड़े-बड़े नेताओं की हार के बाद मुफ्त की राजनीति का अंत हो रहा है। देश की राजनीति साफ-सुथरी होनी चाहिए। यह जीत मोदी जी की जीत है। मोदी जी को जय श्री राम।

## केजरीवाल की हार का अनुपम खेर ने कश्मीर पंडितों से जोड़ा कनेक्शन, बोले- 'जब एक आह श्राप बन जाती है'



मुंबई (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को 4 हजार से भी ज्यादा वोटों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। केजरीवाल की हार पर अभिनेता अनुपम खेर ने प्रतिक्रिया दी है। अभिनेता ने कहा कि जब किसी की पीड़ा का मजाक उड़ाया जाता है, तो उसकी आह एक श्राप का रूप धर लेती है।

अभिनेता अनुपम खेर ने अरविंद केजरीवाल की एक पुरानी तस्वीर को एक्स हैंडल पर शेयर करते हुए उनकी हार का कनेक्शन कश्मीरी पंडितों से जोड़ते हुए लिखा, वैसे तो किसी को भी पीड़ा पहुंचाना ठीक नहीं, लेकिन जिनके साथ गहरा अन्याय हुआ हो! उन पर हंसना, उनकी पीड़ा का मजाक उड़ाना, उनकी आत्मा को दु:ख पहुंचाना, ये इंसानियत की सभी हदों को पार करना होता है और फिर उस दुखी आत्मा से ना चाहते हुए भी एक 'आह' निकलती है और वही आह आगे जाकर एक 'श्राप' का रूप धारण कर लेती है।

शेयर की गई तस्वीर की ओर इशारा करते हुए अभिनेता ने आगे लिखा, इस तस्वीर के लोगों के साथ शायद ऐसा ही हुआ है! यह विधि का विधान है! जिस दिन दिल्ली की विधानसभा में इन लोगों ने ठहाके लगाए थे, उस दिन लाखों कश्मीरी पंडितों ने खून के और बेबसी के आंसू बहाए थे।

अनुपम खेर से पहले फिल्म निर्माता-निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने भी एक पोस्ट शेयर किया, जिस पर वह केजरीवाल की हार पर करारा व्यंग्य करते नजर आए थे।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल की हार पर फिल्म निर्माता-निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया पर व्यंग्य भरा पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने हर हिसाब यहीं पर होने की बात कही।

किसी भी मुद्दे पर मुखरता के साथ अपनी बात रखने वाले विवेक रंजन ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर पोस्ट शेयर किया, जिसमें लिखा था, हर सवाल का जवाब यहीं होगा। हर हिसाब-किताब यहीं होगा।

विवेक रंजन ने दिल्ली विधानसभा की एक पुरानी तस्वीर भी शेयर की, जिसमें अरविंद केजरीवाल खड़े दिखाई दिए।

नई दिल्ली विधानसभा सीट से अरविंद केजरीवाल को हार का सामना करना पड़ा है। वह नई दिल्ली सीट से 4089 वोटों से हार चुके हैं। यहां से भाजपा के प्रत्याशी प्रवेश सिंह वर्मा ने जीत हासिल की।

विवेक रंजन सोशल मीडिया पर अक्सर नए-नए पोस्ट प्रशंसकों के साथ शेयर करते रहते हैं। इससे पहले उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव के दिन 5 फरवरी को एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने मतदाताओं के सामने एक स्व-रचित कविता 'रोशनी' सुनने की अपील की थी। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई कविता में वह 'रोशनार्थी' शब्द का इस्तेमाल करते नजर आए थे।





## विविध-समाचार

### रेत से भरे डंपर ने ओला कैब को मारी टक्कर, वृद्धा की मौत

भोपाल(आरएनएस)। टीटी नगर थाना इलाका स्थित पीतल मंदिर के करीब शुक्रवार देर रात रेत से भरे डंपर ने ओला कैब को रोड पार करते समय सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार वृद्धा की इलाज के दौरान मौत हो गई। उनकी बेटी दो नवासी (नातिन) सहित कार चालक गंभीर रूप से जख्मी हैं। चारों का इलाज प्राइवेट अस्पताल में जारी है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक जन्नतुलनिसा पति इब्राहीम (60) आदिवासी मोहल्ला श्यामला हिल्स में रहती थीं। शुक्रवार रात को पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने करोंद परिवार के साथ गई थीं। जहां से देर रात ओला कैब से लौट रही थीं। पीतल नगर मंदिर के करीब रेत से भरे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के समय कार में बेटी आफ्रीन, नवासी मनतशा और कहकशा भी मौजूद थीं।टक्कर के कारण ओला चालक सहित चारों को गंभीर चोट आई। सभी को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां शनिवार की तड़के सुबह इलाज के दौरान जन्नतुलनिसा की मौत हो गई। शनिवार दोपहर को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में टीटी नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

मृतका के भांजे सैयद अली अंसारी ने बताया कि मंदिर के पास स्थित सिग्नल पर गाड़ी खड़ी थी। इसके ग्रीन होते ही चालक ने कैब को आगे बढ़ाया, तभी रेत से भरे डंपर ने सामने से टक्कर मार दी। इससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार लोग उसमें फंस गए। किसी तरह से राहगीरों ने उन्हें निकालकर अस्पताल पहुंचाया, हादसे के बाद से ही जन्नतुलनिसा बेहोश थीं, तड़के उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन कर्मचारी संघ में अनिल बाजपेई को चौथी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया

भोपाल (आरएनएस)। भुवनेश्वर में आयोजित ऑल इंडिया वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन एम्पलाइज एसोसिएशन की राष्ट्रीय बैठक में मध्य प्रदेश के वरिष्ठ कर्मचारी नेता अनिल बाजपेई को चौथी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। इस बैठक में कई अन्य पदों पर भी नियुक्तियां की गईं। राजस्थान के अमरनाथ शर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के सुनील सिंह को महासचिव नियुक्त किया गया। मध्य प्रदेश की लक्ष्मी ठाकुर को महासचिव, उड़ीसा के सुदर्शन खंडवा और पंजाब के विनय शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष का पद दिया गया। उत्तराखंड के संतोष नेगी को राष्ट्रीय महासचिव और मध्य प्रदेश के धीरेंद्र शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया।सम्मेलन में बिहार, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से कर्मचारी प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए तय किया गया कि एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली जाकर केंद्रीय खाद्य मंत्री और सचिव से मिलेगा एवं कॉर्पोरेशन की समस्याओं पर चर्चा करेगा।संगठन ने गेन पॉलिसी और पीएमएस ओरिगो के निजीकरण के विरोध में मार्च 2025 से राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन करने का भी निर्णय लिया है।

### शादी का झांसा देकर बनाए संबंध

भोपाल (आरएनएस)। एक युवक से युवती की दोस्ती हो गई। दोस्ती जब नजदीकी संबंधों में बदली तो युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। पिछले दिनों युवती ने जब शादी करने का दबाव डाला तो युवक ने शादी करने से मना कर दिया। इस पर युवती ने शुक्रवार युवक के खिलाफ केस दर्ज करा दिया। पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 28 वर्षीय युवती बागसेवनिया थाना क्षेत्र में रहती है। पूर्व में वह अयोध्या नगर इलाके की की पॉश कालोनी में रहती थी। उसके पिता वहां पर किराने की दुकान चलाते थे। युवती भी दुकान पर बैठा करती थी। सामान की खरीददारी के लिए दुकान पर सचिन सिंह सिंगरोल नाम के युवक का आना-जाना था। दोनों के बीच जल्द ही जान पहचान हो गई।जान पहचान दोस्ती में बदली तो युवक ने प्यार का इजहार करते हुए युवती को शादी का प्रस्ताव दिया। इस बीच युवती के पिता की मौत हो गई। इस पर युवती चाचा के घर बागसेवनिया इलाके में रहने आ गई। कई दिनों के प्रेम-प्रसंग के बाद युवती ने शादी करने के लिए हामी भरी तो वर्ष 2022 में युवक एक दिन युवती के घर पहुंच गया। जल्द शादी करने का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बना लिए। इसके बाद वह दो साल तक युवती का शारीरिक शोषण करता रहा। युवती जब भी शादी करने की बात कहती तो वह कोई न कोई बहाना बनाकर टालमटोल कर देता था।

# देश को विश्वगुरु बनाने में युवा बनें सहभागी- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता ( एआई )- अवसर एवं चुनौतियाँ विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार में हुए शामिल

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)- अवसर एवं चुनौतियाँ विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार बच्चों को अपडेट व अपग्रेड होने के अवसर उपलब्ध कराएगा। सेमिनार में सीखी गई बातों से छात्र भविष्य में आने वाली चुनौतियों का कुशलतापूर्वक मुकाबला कर सकेंगे और अवसरों का लाभ उठा सकेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निदा फ़ाज़ली की ग़ज़ल का उल्लेख करते हुए छात्रों को प्रेरित किया उन्होंने कहा, सफर में धूप तो होगी अगर निकल सको तो चलो, यहाँ कोई किसी को रास्ता नहीं देता, अपने आप को बदल सको तो चलो। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि देश को विश्वगुरू बनाने में सहभागी बनें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल शासकीय कन्या महाविद्यालय रीवा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता - अवसर एवं चुनौतियाँ विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार के समापन अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि एआई भविष्य की दुनिया है। इसे आधार मानकर आयोजित किया गया सेमिनार विद्यार्थियों को व्यापार, उद्योग, रोजगार एवं अर्थव्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में मददगार साबित होगा। उन्होंने सेमिनार आयोजन के लिए आयोजकों की प्रशंसा की तथा कहा कि महाविद्यालयों व विद्यालयों में ऐसे सेमिनार लगातार होने चाहिए ताकि इनका लाभ आने वाली पीढ़ी को मिल सके। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती विभा श्रीवास्तव सहित प्राध्यापकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।




### आईईएस यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन यूएनआई-टीईएएस 2025 का आयोजन किया

भोपाल, (आरएनएस)। आईईएस यूनिवर्सिटी और आईईएस कॉलेज लो टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग ने स्प्रिंगर के सहयोग से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन यूएनआई-टीईएएस 2025 का आयोजन किया। यह सम्मेलन यूनिवर्सल थ्रेट्स इन एक्सपर्ट एप्लिकेशंस एंड सोल्यूशंस विषय पर केंद्रित था।सम्मेलन का उद्घाटन एनआईटीटीटीआर भोपाल के निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी और आईईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर इंजीनियर बीएस यादव की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर थाईलैंड, इटली और फिलीपींस से आए अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भी अपनी सहभागिता दी। प्रो. त्रिपाठी ने डेटा साइंस और साइबर सुरक्षा पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इटली से आईं प्रो. फ्रांसेस्का डि वर्जिलियो ने एआई कोलैबोरेशन पर प्रकाश डाला, जबकि फिलीपींस के डॉ. डैनियल डी. दासिग जूनियर ने क्लाउड कंप्यूटिंग की नवीनतम तकनीकों से छात्रों को अवगत कराया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रयागराज महाकुंभ में एकात्म धाम परिसर में प्रदर्शनी का अवलोकन किया

### जल-जंगल-जमीन पर सबसे पहला अधिकारी आदिवासी वर्ग : जीतू पटवारी

भोपाल, (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में आयोजित आदिवासी कांग्रेस विभाग द्वारा आदिवासी लीडरशिप डेवलपमेंट प्रशिक्षण शिविर एवं साक्षात्कार के लिए आयोजित बैठक में उपस्थित प्रदेश के सभी जिलों से आये आदिवासी वर्ग पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि आदिवासी इस देश का मालिक है, जल-जंगल और जमीन पर सबसे पहला अधिकार आदिवासी वर्ग का है। आदिवासी वर्ग के महापुरूषों चाहे वो बिरसा मुंडा हो, टंट्या भील हो या रघुनाथ शाह-शंकरशाह हो या वीरांगना रानी दुर्गावती हो इन सभी ने देश की आजादी में अपना योगदान दिया और आदिवासी वर्ग की रक्षा और सम्मान को अक्षुण्ण बनाये रखने में महती भूमिका का निर्वहन किया। जीतू पटवारी ने कहा कि देश की युवा शक्ति लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी जातिगत जनगणना के पक्ष में है, क्योंकि जातिगत जनगणना से हर वर्ग के मध्यम और गरीबों को उसका



लाभ मिलेगा। आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक समानता का अवसर मिलेगा। आदिवासियों का और कांग्रेस का और संविधान का प्रकृति का आपस में गहरा रिश्ता है जो हमें जल-जंगल से ही मिला है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण जीवन के लिए हवा और जल है उससे ही हर व्यक्ति को जीवन जीने के लिए आक्सीजन और ऊर्जा मिलती है।

### आदमपुर लैण्डफिल साईट पर कचरा निष्पादन के सभी घटकों के कार्य तीव्र गति से सुनिश्चित करें

भोपाल, (आरएनएस)। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने आदमपुर स्थित लैण्डफिल साईट का निरीक्षण किया और लीचेट निकासी, पुराने एवं नये कचरे का निष्पादन, आरडीएफ का परिवहन आदि सहित कचरा निष्पादन के सभी घटकों के कार्य और अधिक तीव्र गति से सुनिश्चित करने के निर्देष दिए। निगम आयुक्त नारायन ने ट्रामल मशीनों को पूरी क्षमता से चलाने व टिफिन फ्लोर को शीघ्रता से क्लीयर करने, फिनिशिंग प्लांट में मशीनों का संचालन तेज गति से करने, आर.डी.एफ का परिवहन एवं विक्रय तीव्र गति से करने, एमआरएफ को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम आयुक्त ने एनटीपीसी के चारकोल प्लांट का भी अवलोकन किया और प्लांट के कार्यों को भी तेज गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने आदमपुर में वृहद एवं सघन पौधारोपण स्थल का भी निरीक्षण किया और पौधों की निदाई, गुड़ाई कराने, खरपतवार साफ कराने तथा पेड़, पौधों की पर्याप्त सिचाई कराने के निर्देष दिए।

### अवैध सट्टे खेलने एवं खिलाने वाले 03 सटोरियों को किया गिरफ्तार

भोपाल,(आरएनएस)।टीला जमालपुरा इलाके में भैया कचरा गिरोह के दो सटोरी घर से सट्टे का अवैध कारोबार चला रहे थे। पिनपॉइंट सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने घर में दबिश दी और दोनों सटोरियों को हिरासत में ले लिया। पूरी कार्रवाई का वीडियो भी सामने आया है। आरोपियों के कब्जे से हजारों रुपए कैश, हिसाब-किताब के रजिस्टर और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।एडिशनल डीसीपी क्राइम शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि, सटोरियों की पहचान जुबैर खान, असगर अंसारी और शाहवाज खान के रूप में हुई। मुखबिर की सूचना के बाद, पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। मौके से 22 हजार रुपए सहित अन्य समाग्री जब्त की गई है। इसमें और कितने लोगों की भूमिका है। इसका पता लगाया जा रहा है। गिरोह के सरगना भैया कचरा की भी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी जुबैर खान टीला जमालपुरा थाने का निगरानी बदमाश है।

### सड़कों, सार्वजनिक स्थलों से सीएंडडी वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री तत्काल हटवायें

भोपाल, (आरएनएस)। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने प्रात:काल नगर भ्रमण के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निगम द्वारा बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के दृष्टिगत किये जा रहे कार्यों का अवलोकन किया और सड़कों व सार्वजनिक स्थलों पर पड़े सीएंडडी वेस्ट एवं भवन निर्माण सामग्री तत्काल उठवाने, सड़कों आदि पर गंदगी फैलाने व बर्तन आदि धोकर पानी बहाने वालों के विरूद्ध सख्ती से स्पॉट फाईन की कार्यवाही करने, बिना अनुमति के बैनर/पोस्टर व अन्य प्रकार की प्रचार सामग्री लगाकर सम्पत्ति विरूपण करने वालों के विरूद्ध सख्ती से स्पॉट फाईन की कार्यवाही करने और शहर को बैनर, पोस्टर फ्री शहर बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने मार्गों, मुख्य मार्गों से पशुओं को हटाने के निर्देश समक्ष में एवं वी.सी.के माध्यम से दिए।

### सांस्कृतिक विरासत और जनजातीय धरोहर के बीच विशाल आकार लेगा औद्योगिक निवेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल(निप्र)मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 24-25 फरवरी को पहली बार राजधानी भोपाल में आयोजित हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट केवल निवेश और व्यापार के अवसरों का मंच ही नहीं, बल्कि यह आयोजन मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक और औद्योगिक क्षमता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने का एक ऐतिहासिक अवसर है। इस समिट का राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजन इसका महत्व एवं प्रभाव को और अधिक बढ़ाता है। जीआईएस का आयोजन स्थल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जनजातीय परंपराओं का जीवंत उदाहरण है। जब दुनिया भर के उद्योगपति, नीति-निर्माता और निवेशक इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे, तो वे मध्यप्रदेश की औद्योगिक संभावनाओं के साथ यहां की सांस्कृतिक आत्मा को भी महसूस कर सकेंगे।

#### निवेशकों के लिये सजीव उदाहरण बनेगा मानव संग्रहालय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश एक ऐसा राज्य है, जहां विकास की संभावनाएं और पारंपरिक धरोहर



समान रूप से फल-फूल रही हैं। पहली बार भोपाल में हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट इस बात का प्रमाण है कि मध्यपप्रदेश निवेशकों के लिए एक नए केंद्र के रूप में उभर रहा है। राष्ट्रीय मानव संग्रहालय इस सोच का सजीव उदाहरण है कि कैसे मध्यप्रदेश अपनी सांस्कृतिक जड़ों को संरक्षित रखते हुए औद्योगिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है। यह केवल एक संग्रहालय नहीं, बल्कि एक जीवंत मंच है, जहां जनजातीय समुदाय स्वयं अपनी परंपराओं को प्रस्तुत करते हैं, उनके जीवन के पहलुओं को दर्शाया जाता है, और उनके इतिहास को संरक्षित किया जाता है। यहाँ 35 से अधिक जनजातीय समुदायों की प्रामाणिक झोपड़ियां, पारंपरिक शिल्प और जीवनशैली इस संग्रहालय को विश्वस्तरीय पहचान देते हैं।

#### पर्यटन और हस्तशिल्प में भी निवेश को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अपनी सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक निवेश के साथ जोड़कर एक नया मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। इस समिट के दौरान निवेशकों को न केवल प्रदेश की औद्योगिक नीति और अधोसंरचना विकास की जानकारी मिलेगी, बल्कि वे देखेंगे कि किस प्रकार मध्यप्रदेश अपनी पारंपरिक संपदा को आर्थिक संभावनाओं से जोड़ रहा है। वैश्विक निवेशक अब केवल उद्योगों में ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पर्यटन और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में भी निवेश के लिए मध्यप्रदेश को प्राथमिकता दे रहे हैं।

निवेशक कर सकेंगे ऐतिहासिक परंपराओं का अनुभव

भोपाल में हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को राष्ट्रीय मानव संग्रहालय जैसे विशेष स्थल पर आयोजित करना यह दर्शाता है कि मध्यप्रदेश केवल उद्योगों और व्यापार के लिए नहीं, बल्कि सांस्कृतिक नवाचार और पर्यटन के लिए भी वैश्विक आकर्षण का केंद्र बन चुका है।

## नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला- 2025 में मध्यप्रदेश की पुस्तकें बनीं आकर्षण का केंद्र




भोपाल (ए.)।नई दिल्ली के भारत मंडपम में 9 फरवरी तक चल रहे नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले- 2025 में मध्यप्रदेश की पुस्तकें खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। मेले में हॉल नंबर 2 के आर-59 में शासन के पर्यटन विभाग और संस्कृति विभाग का संयुक्त स्टॉल तथा पी-06 में मप्र हिन्दी ग्रन्थ अकादमी का स्टॉल लगाया गया है।

पर्यटन और संस्कृति विभाग के स्टाल में भोपाल और उज्जैन के प्रतिष्ठित प्रकाशकों जैसे स्वराज संस्थान, धर्मपाल शोधपीठ, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, वीर भारत न्यास, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी, मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास तथा हिन्दी साहित्य अकादमी की पुस्तकें विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। इन पुस्तकों के माध्यम से राज्य के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, कला-संस्कृति, पर्यटन, ऐतिहासिक धरोहर और पुरातत्व जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया है। राज्य के प्रसिद्ध साहित्यकारों की रचनाएं भी यहां उपलब्ध हैं। गांधी दर्शन, अद्वैत वेदांत दर्शन, लोकगीत तथा देवी-स्तुति गीत, भित्ति चित्र, लोक तथा जनजातीय कला जैसे विषयों पर आधारित दुर्लभ पुस्तकों को पाठक खूब पसंद कर रहे हैं। पुस्तकालय संचालक, शोधकर्ता, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र भी बड़ी संख्या में स्टॉल पर पहुंच रहे हैं। पर्यटक और प्रकृति प्रेमी पर्यटन विभाग के प्रकाशन - मध्यप्रदेश गाइड मैप, वाइल्ड एमपी, उज्जैन: द लिविंग लेजेंड, बुंदेलखंड: द हार्ट बीट ऑफ एमपी, सतपुड़ा और बर्ड्स ऑफ भोपाल किताबों में विशेष रूचि ले रहे हैं। मप्र हिन्दी ग्रन्थ अकादमी के स्टॉल में राज्य के नाट्य संग्रह, काव्य शास्त्र, विज्ञान, समाजशास्त्र, व्याकरण, बुन्देली साहित्य, भारतीय कला और दर्शन, इत्यादि की पुस्तकें उपलब्ध हैं।

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों की समीक्षा बैठक

भोपाल (आरएनएस)। आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों को लेकर संभागायुक्त संजीव सिंह ने जिला पंचायत सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण, एडीएम सिद्धार्थ जैन, सीईओ स्मार्ट सिटी अंजू अरुण कुमार, सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान संभागायुक्त सिंह ने समिट के दौरान यातायात प्रबंधन, प्रवेश पास की व्यवस्था और अतिथियों के आवागमन को सुचारू बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समिट में शामिल होने वाले सभी आगंतुकों को उनके एंट्री समय और स्थान की स्पष्ट जानकारी दी जाए ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इसके साथ ही उन्होंने एंट्री चेकिंग पॉइंट्स, मुख्य आयोजन स्थल और यातायात प्रबंधन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की।संभागायुक्त ने भोपाल के शासकीय कार्यालयों में विशेष लाइटिंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए, जिससे समिट के दौरान शहर का वातावरण आकर्षक और सुव्यवस्थित दिखे। उन्होंने समिट में अतिथियों के सुचारू आवागमन के लिए ड्राइवरों की विशेष ट्रेनिंग आयोजित करने पर जोर दिया, जिससे वे आयोजन स्थल, होटल और पार्किंग स्थलों के रूट को भली-भांति समझ सकें।

### ग्राहक युवक ने शादी का झांसा देकर दो साल तक युवती से किया दुष्कर्म



भोपाल(ए)। बागसेवनिया इलाके में पिता के साथ दुकान पर जाने वाली युवती को ग्राहक युवक द्वारा प्रेम-जाल में फासंने के बाद दो साल तक शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार 28 वर्षीय पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया की वह पहले अयोध्या नगर इलाके की एक कालोनी में रहती थीं। उसके पिता वहां पर किराने की दुकान चलाते थे। वह भी अपने पिता के साथ दुकान पर बैठती थी। दुकान पर सामान लेने के लिये सचिन सिंह सिंगरोल नामक युवक अक्सर आता जाता रहता था। इसके चलते उनके बीच जल्द ही जान पहचान हो गई। बाद में सचिन ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और उसे शादी करने का प्रस्ताव दिया। इसी दौरान युवती के पिता का देहांत हो गया जिसके बाद युवती बागसेवनिया इलाके में अपने चाचा के घर रहने आ गई। काफी दिनो के प्रेम-प्रसंग के बाद युवती ने सचिन से शादी करने के लिये अपनी सहमति दे दी। इसके बाद साल 2022 में सचिन युवती से मिलने उसके घर गया और जल्द ही शादी करने का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बना डाले। इसके बाद दो साल तक सचिन उसका दैहिक शोषण करता रहा। इस बीच युवती जब भी उससे शादी करने का कहती तब वह कोई न कोई बहाना बनाकर उसे टाल देता था। बीते दिनों युवती ने जब उस पर शादी करने का दबाव बनाना शुरु किया तब उसने शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता ने उसे शादी के लिये मनाने की काफी कोशिश की लेकर आरोपी अपनी बात पर अड़ा रहा। परेशान होकर पीड़िता थाने पहुंची जहॉ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला कायम कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## लोकतांत्रिक बर्ताव नहीं

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर करारे कटाक्ष किए। कहा कि हम तीसरी बार सत्ता में हैं, हम अनेक बार सत्ता में आएंगे। उन्होंने पिछले दस सालों का लेखा-जोखा और 2047 तक की कार्य-योजना प्रस्तुत की। कहा कि पिछली सरकारों ने तुष्टिकरण का रास्ता चुना, लेकिन हमने संतुष्टिकरण का रास्ता चुना। राष्ट्रपति के अभिभाषण को बोरिंग बताने वाले लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भी उन्होंने तंज किया। पच्चीस करोड़ लोगों के गरीबी से ऊपर उठने और गरीबों को चार करोड़ पक्के घर देने की बात भी की।

कुछ देशों के बीस सालों में विकसित बनने की तारीफ करते हुए मोदी ने सवाल किया कि हम क्यों नहीं बन सकते। तार्किक तौर पर देखा जाए तो मोदी का यह जवाब चुनावी भाषण ज्यादा प्रतीत हुआ। बेशक, सरकार की उपलब्धियों का गुणगान करना उनका दायित्व है मगर जब बात सदन में हो तो प्रधानमंत्री को देश की नुमाइंदगी करनी होती है। बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई तथा अन्य सामायिक मसलों से ध्यान हटाने की कोशिशों को उन्होंने हमेशा की तरह दर-किनार ही रखा।

राहुल गांधी ने जवाब में संविधान की किताब दिखाते हुए याद दिलाया कि 2024 में भाजपा का चार सौ से ज्यादा सीटों पर आने का दावा धरा रह गया। भाषण के दौरान लगातार शोरशराबा होता रहा जो लोकतांत्रिक बर्ताव नहीं है। सदन की गरिमा और संवैधानिक नियमों का सबको पालन करना सीखना होगा। मोदी का राष्ट्रपति पर की गई टिप्पणी का जिक्र किया जाना भी उचित माना जाना चाहिए। मगर वे जिस तुष्टिकरण को लेकर विपक्ष को घेर रहे हैं, उससे उनकी सरकार भी मुक्त नहीं है।

बात राशन बांटने की हो, मकान बना कर देने या सीधा बैंक खातों में धन राशि देने की, और मुफ्त की रेवड़ियां बांटने में भी मोदी सरकार पीछे नहीं है। जनता या कार्यबल के सार्थक सदुपयोग की बजाय देशवासियों में अकर्मण्यता का भाव भरना मुल्क की तरक्की में बाधक बन सकता है।

चीन की कथित घुसपैठ को लेकर भी इस सरकार का रवैया स्पष्ट नहीं है। विपक्ष द्वारा यह मुद्दा उठाने पर वे हमेशा बगलें झांकते हैं। यह देश की सुरक्षा से जुड़ा मसला है। इस पर सरकार को कड़ा रुख इख्तियार करना ही होगा। केवल छींटा-कशी के लिए ही इस गंभीर मसले का प्रयोग तत्काल बंद होना जरूरी है।


# केंद्रीय बजट वर्ष 2025-26: वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा

**गिरिराज सिंह**

भारतीय परिधान और वस्त्र उद्योग लगभग 176 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 2 प्रतिशत का योगदान देता है। यह विनिर्माण उत्पादन का लगभग 11 प्रतिशत हिस्सा है। वस्त्र उद्योग देश में रोजगार सृजन के सबसे बड़े स्रोतों में से एक है, यह प्रत्यक्ष रूप से 45 मिलियन से अधिक वस्त्र श्रमिकों को रोजगार देता है। भारत वस्त्र और परिधानों का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है। इस क्षेत्र में वैश्विक व्यापार में इसकी हिस्सेदारी लगभग 4 प्रतिशत है। देश के कुल व्यापारिक निर्यात में हस्तशिल्प सहित वस्त्र और परिधान (टी एंड ए) की हिस्सेदारी वर्तमान में लगभग 8 प्रतिशत है। यह क्षेत्र मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण युवा रोजगार जैसी सरकार की प्रमुख पहलों के साथ पूरी तरह से संरेखित है।

बजट में वर्ष 2025-26 के लिए वस्त्र मंत्रालय के लिए 5,272 करोड़ रुपये के परिव्यय की घोषणा की गई। यह वर्ष 2024-25 के बजट अनुमानों (4417.03 करोड़ रुपये) की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत की वृद्धि थी, और हाल के वर्षों में यह सबसे अधिक है। वस्त्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी निवेश योजना का बजट वर्ष 2024-25 में 45 करोड़ रुपये (बीई) से बढ़ाकर इस वर्ष 1148 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वस्त्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना देश की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने और पांच वर्ष की अवधि में 10,683 करोड़ रुपये के स्वीकृत वित्तीय परिव्यय के साथ निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्यान्वित की जा रही है। यह मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ), एमएमएफ परिधान और तकनीकी वस्त्र क्षेत्र जैसे उभरते क्षेत्रों को कवर करता है, ताकि इन क्षेत्रों को आकार और पैमाने हासिल करने में सक्षम बनाया जा सके, ताकि वे विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकें।

केंद्रीय बजट वर्ष 2025-26 में 'कपास उत्पादकता के लिए मिशन' की घोषणा की गई है। यह 5 वर्षीय मिशन कपास की खेती की उत्पादकता और स्थिरता में महत्वपूर्ण सुधार लाएगा। यह अतिरिक्त लंबे स्टेपल वाली कपास की किस्मों को बढ़ावा देगा। इस मिशन को कृषि



एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और वस्त्र मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से लागू किया जाएगा।


वस्त्र मंत्रालय का राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (i) अनुसंधान, नवाचार और विकास, (ii) संवर्धन और बाजार विकास (iii) शिक्षा और कौशल तथा (i1) तकनीकी वस्त्रों में निर्यात संवर्धन पर केंद्रित है। बजट में दो और प्रकार के शटल-लेस लूम को पूरी तरह से छूट प्राप्त वस्त्र मशीनरी की सूची में जोड़ा गया है। वस्त्र उद्योग में उपयोग के लिए शटल-लेस लूम रैपियर लूम (650 मीटर प्रति मिनट से कम) और शटल-लेस लूम एयर जेट लूम (1000 मीटर प्रति मिनट से कम) पर शुल्क मौजूदा 7.5 प्रतिशत से शून्य कर दिया गया है।

नौ टैरिफ लाइनों के अंतर्गत आने वाले बुने हुए कपड़ों पर बुनियादी सीमा-शुल्क दर को 10 प्रतिशत या 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत या 115 रुपये प्रति किलोग्राम, जो भी अधिक हो करने की बजट घोषणा से बुने हुए कपड़ों के सस्ते आयात पर अंकुश लगाकर घरेलू वस्त्र उद्योग को मजबूती मिलेगी। यह उपाय घरेलू स्तर पर उत्पादित कपड़ों के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा, क्षमता उपयोग को बढ़ावा देगा और स्थानीय विनिर्माण में निवेश को प्रोत्साहित करेगा।

बजट में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को अर्थव्यवस्था में परिवर्तनकारी सुधार लाने के लिए एक स्रोत के रूप में पहचाना गया है। यह वस्त्र क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत की वस्त्र और परिधान उत्पादन क्षमता का अधिकांश हिस्सा एमएसएमई द्वारा किया जाता है, जो इस क्षेत्र का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। एमएसएमई के लिए वर्गीकरण मानदंडों में संशोधन जैसे प्रावधान गारंटी कवर के साथ ऋण उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ उन्हें पैमाने की उच्च दक्षता, तकनीकी उन्नयन और पूंजी तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद करेंगे। संशोधित वर्गीकरण के साथ, अब अधिक इकाइयाँ एमएसएमई के अंतर्गत आएंगी।

उपरोक्त एजेंडे को आगे बढ़ाने और भारतीय वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए, एक मेगा इवेंट - भारत टेक्स 2025, 11 प्रमुख वस्त्र उद्योग निकायों द्वारा आयोजित किया जा रहा है और वस्त्र मंत्रालय द्वारा समर्थित है। भारत टेक्स 2025 विस्तार और लक्ष्य दोनों के लिहाज से दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा आयोजन होगा, क्योंकि यह कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों और सहायक उपकरणों सहित पूरे वस्त्र उद्योग मूल्य श्रृंखला को एक ही स्थान पर उपलब्ध होगा। अनुकूल वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं और वस्त्र स्थिरता के दोहरे विषयों के आसपास निर्मित - यह कार्यक्रम स्थिरता, नवाचार और वैश्विक सहयोग पर केंद्रित है। मुख्य कार्यक्रम 14-17 फरवरी, 2025 को भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। इसमें कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों तक वस्त्रों की पूरी मूल्य श्रृंखला को सक्षम नीति समर्थन के साथ कवर किया जाएगा, जबकि सहायक उपकरण, परिधान मशीनरी, रंग और रसायन तथा हस्तशिल्प जैसी संबंधित प्रदर्शनियां 12 से 15 फरवरी, 2025 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित की जाएंगी। संपूर्ण कच्चे माल मूल्य श्रृंखला में भारत को आत्मनिर्भर बनाने, अधिक निवेश प्राप्त करने, अपने घरेलू बाजार के आकार और निर्यात को बढ़ाने और बड़े पैमाने पर आजीविका के अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए अपनी क्षमता को बनाए रखने एवं बढ़ाने के प्रयासों को सक्षम नीति समर्थन के साथ और अधिक सक्रिय करने की आवश्यकता होगी।

लेखक केंद्रीय वस्त्र मंत्री हैं




अभिनेत्री नीतू चंद्रा पटना में एक कार्यक्रम में शामिल हुई।

# आपत्तिजनक, अशालीन एवं स्तरहीन टिप्पणी

**ललित गर्ग**

राष्टपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी को भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य राजनीतिक दलों ने ही नहीं, बल्कि आम लोगों ने भी आपत्तिजनक, अशालीन एवं स्तरहीन बताया है। राष्ट्रपति भवन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। संसद के बजट सत्र के पहले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोनिया गांधी ने जिस तरह एवं जिन शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, उस पर विवाद खड़ा हो जाना इसलिए स्वाभाविक है कि बयान विडंबनापूर्ण होने के साथ ही पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से भी ग्रस्त है।

भारत की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था में सबसे प्रतिष्ठित पद राष्ट्रपति का है। लेकिन सोनिया ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जिस तरह से राजनीति प्रेरित होकर विचार एवं नीतियों की आलोचना करने की बजाय सीधा राष्ट्रपति पर कटाक्ष किया है, यह अच्छा नहीं हुआ। सोनिया ने अभिभाषण में व्यक्त विचारों के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी करने के स्थान पर राष्ट्रपति पर ही कटाक्ष एवं तंज कस दिया। उन्हें कहने की आवश्यकता नहीं थी कि अभिभाषण के आखिर तक आते-आते राष्टपति बहुत थक गई थीं। कठिनाई से बोल पा रही थीं। बेचारी महिला। पता नहीं सोनिया ने यह निष्कर्ष कैसे निकाल लिया और यदि निकाल भी लिया तो उन्हें बेचारी महिला जैसे शब्दों में व्यक्त नहीं करना चाहिए था। यह राजनीतिक अशिष्टता, अहंकार व अपरिपक्वता का द्योतक है। लगता है कि कांग्रेस के नेताओं की चेतना में स्वस्थ समालोचना की बजाय विरोध की चेतना मुखर रहती है।

राष्टपति द्रौपदी मुर्मू ने हिन्दी, जो उनकी मातृभाषा नहीं है, में प्रभावी भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस उनके अपमान पर उतर आई। राष्टपति भवन ने अपने बयान में कहा कि राष्टपति संबोधन के दौरान किसी भी पल थकी नहीं थीं, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ संसद को संबोधित किया। विशेष रूप से जब वे हाशिए पर खड़े समुदायों, महिलाओं और किसानों के अधिकारों की बात कर रही थीं, तब और भी ज्यादा संकल्पित एवं ऊर्जा से भरी थीं। राष्टपति को विश्वास है कि इन वगरे की आवाज उठाना कभी भी थकावट का कारण नहीं बन सकता, बल्कि यह उनके कर्त्तव्य का अहम हिस्सा है। राष्टपति भवन ने कांग्रेस नेताओं की हिन्दी भाषा की समझ पर भी सवाल उठाए। संभवतः ये हिन्दी भाषा की लोकोक्तियों और मुहावरों से भली-भांति परिचित नहीं हैं, जिसके कारण उन्होंने राष्टपति के भाषण की गलत व्याख्या की। राष्टपति भवन ने कांग्रेस नेताओं के बयानों को खराब और दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

स्वाभाविक रूप से कांग्रेस नेताओं और खुद प्रियंका गांधी ने सोनिया गांधी का बचाव किया, लेकिन यह समझा जा सके तो बेहतर होता कि उन्हें अपने शब्दों के चयन में सावधानी बरतनी चाहिए थी। ऐसे बयान ने गैरजिम्मेदाराना एवं विध्वंसात्मक इरादों को ही नहीं, छल-कपट की राजनीति को भी बेनकाब किया है। राष्टपति जिस सामाजिक परिवेश और पृष्ठभूमि से आती हैं, उसे देखते हुए तो और भी संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। समस्या यह है कि सोनिया हों या राहुल, कोई आलोचना करते समय शब्दों के सही चयन में प्रायः चूक कर जाते हैं। जब ऐसा होता है तो यही ध्वनित होता है कि गांधी परिवार के सदस्य अहंकार में डूब कर अपनी राजशाही मानसिकता का परित्याग नहीं कर पा रहे हैं।

राजनीति में समालोचना नितांत अपेक्षित है, समालोचक होना और समालोचना करना बड़ी बात है, पर जब नेता सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्तित्व की गरिमा को ही खंडित करता है, अपना विवेक गिरवी रख कर समालोचना करता है, तो उसे समालोचना नहीं, स्तरहीन विरोध ही कहा जाएगा। ऐसे विरोध के प्रति दया का भाव ही जताया जा सकता है, उसका उत्तर नहीं दिया जा सकता। आखिर, निषेधात्मक भावों का उत्तर कब तक दिया जाए लोकतंत्र समालोचना का विरोधी नहीं है, बल्कि स्वस्थ एवं शालीन समालोचना का स्वस्थ लोकतंत्र में स्वागत ही होता है, इससे राजनीति परिपक्व एवं मजबूत होती है, किंतु नमक की रोटी का क्या स्वागत किया जाए कुछ आटा हो तो नमक की रोटी भी काम की हो सकती है पर जिसमें कोरा नमक ही नमक हो, वह स्पृहणीय कैसे बन सकती है। प्रश्न है कि इस तरह की दूषित राजनीति एवं पूर्वाग्रहों के घनघोर परिवेश से लोकतंत्र एवं राष्टपति जैसा सर्वोच्च पद कब तक आहत होता रहेगा।




मेष राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा, नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फोन का इस्तेमाल कम से कम करें और अपने काम पर पूरा फोकस करें। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। किसी को उधार पैसा देने में सोच-विचार करना बेहतर रहेगा।

वृष राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपकी योजनाओं के अनुसार, सभी काम होने से आपका मन काम में लगा रहेगा। सामाजिक कामों में आपकी रुचि बढ़ सकती है। आपको अपने जीवनसाथी से कामकाज में पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है। आप चीजों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे।

मिथुन राशि: आज आपका दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नए अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी, साथ ही उत्साह भी बढ़ेगा। भाई-बहनों से आपको पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज घर में फंक्शन होने से आपके शेड्यूल में बदलाव आ सकता है।

कर्क राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपका ध्यान अपने काम को पूरा करने में लगा रह सकता है। किस्मत का साथ मिलने से आपके सभी कार्य एक-एक करके पूरे होते जायेंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार- विमर्श करना पड़ सकता है। शत्रुपक्ष आपकी योजनाओं से प्रभावित होकर आपकी तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ायेंगे।

सिंह राशि: आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी होगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहें इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए। आपके व्यवहार में अच्छे बदलाव आने से आपके नए दोस्त बन सकते हैं। आपको दूसरों की मदद करने का मौका मिलेगा, साथ ही लोग आपकी तारीफ करेंगे।

कन्या राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा, कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगी। बिजनेस मैन आज जरूरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा, आपकी उलझन खत्म होंगी।

तुला राशि: आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में आपको बड़ा धन लाभ होगा। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। जो लोग लकड़ी के व्यापार से जुड़े हैं, आज उनको बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है। राइटर आज नई स्टोरी लिख सकते हैं, जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जाएगा। परिवार में नए सदस्य के जुड़ने से सभी लोग बहुत खुश होंगे।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। कूरियर का व्यापार कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा। मेहनत और लग्न देखकर आज आपके जूनियर आपसे कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे।

धनु राशि: आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे, साथ ही जीवनसाथी के साथ आपकी लंबी बातचीत हो सकती है, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ घर पर ही मूवी देखने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे आपको आगे चलकर फायदा हो सकता है। किसी खास काम में आपको सफलता मिलेगी, साथ ही साथ आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं।

मकर राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। प्रेमी जोड़े के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेंट में जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए, आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे।

कुंभ राशि: आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर उलझन में रहेंगे जिसे आप-अपने किसी खास मित्र से शेयर भी करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्तों की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ इंज्वाय करने का मौका मिलेगा। नई स्किल सीख सकते है जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा। मार्केट में लांच नया वाहन आप खरीदने का मन बना सकते हैं।

मीन राशि: आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार समाज में अलग पहचान बनाएगा। घर पर फ्लावर डेकोरेशन का काम करवा सकते हैं। कांट्रैक्टर के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है। आज अपने डेली रूटीन में कुछ बदलाव कर सकते हैं, किसी काम को करने का नया तरीका बिजनस में फायदा कराएगा।

# एक बेटी के गुरूर दिवंगत पिता ज्याउल हुसैनी जी के जीवन के अनछुए पहलू पर नज़र .... विनम्र श्रद्धांजलि के साथ.....

*-बशर के खिदमतें मुमताज़ करती है, बशर के खिदमतें मुमताज़ करती है,*

*स्व.ज्याउल हुसैनी पत्रकारिता का वो नमूना है कि, जिस इंसान पे इंसानियत भी नाज करती है।*

जिन खास शख्सियत की मैं यहाँ बात करने वाली हूँ वो किसी परिचय के मोहताज नहीं , उनका नाम ही उनकी पहचान रहीं, मैं यहाँ बात कर रही हूँ पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना एक अलग मुकाम बनाने वाले स्व. ज्याउल हुसैनी जी के बारे में , शायद उनके बारे में बाते करने,लिखने में मेरी एक उम्र भी निकल जाये बोलना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगा। पापा जी ने अपनी जिंदगी के शुरूआती दिनों से ही संघर्षो का सामना किया,पापा ज्याउल हुसैनी जी के पिता यानी हमारे दादा अब्दुल राऊफ हुसैनी जी मूलत: डोगरगांव के खुज्जी नामक जगह पर पेशे से डॉक्टरी किया करते थे और पापा को भी डॉ बनाना चाहते थे, इसलिए दादा जी ने पापा(ज्याउल) जी को डॉक्टरी की पढाई करने भेजा भी जहाँ पर पापा जी के साथ स्व. डॉ चटर्जी जैसे अन्य नामचीन डॉ उसी कॉलेज में उनके साथ पढाई कर रहे थे, पर शायद पापा जी किस्मत में डॉ बनना नहीं लिखा था, दुर्भाग्यवश दो-ढाई वर्ष डॉक्टरी की पढ़ाई करने के बाद पापा जी को पढाई बीच में ही छोड़ वापस आना पड़ा कारण था, दादा जी के स्वास्थ्य का अचानक खराब हो जाना, और पापा जी का अपने माँ, बाप, भाई, बहनों की बड़े भाई होने के नाते जिम्मेदारी उठाने का जज्बा, इसके बाद क्या था, पापा जी ने अपनी डॉक्टरी की पढाई अधूरी छोड़ वापस आ गये, और उसके बाद से धमतरी जो कि पापा जी का ननिहाल रहा यही सापरिवार रहने लगे और परिवार माँ, पिता, भाई, बहनों की जिम्मेदारी निभाने स्व.मंगलमूर्ति के साथ घरों में पेंट कर और बदले में फोटोग्राफी सिखी ऐसे ही पापाजी को फोटोग्राफी का शौक पैदा हुआ, और पापा ने अपनी जिंदगी में घर-परिवार सहित कई नामी शख्सियतों को अपने कैमरे में उतारा उस वक्त मे किसी के पास कैमरा होना बहुत खास बात होती थी, जिसमे पापा जी ने स्व.इंदिरा गाँधी जी, की भी अपने कैमरे में यादें संजोई।

इसी तरह कई छोटे-मोटे कार्य करते हुए पापाजी का रूझान पत्रकारिता की ओर हुआ, फिर बस क्या पापा(ज्याउल हुसैनी) जी ने अपना पूरा जीवन पत्रकारिता के लिए न्यौछावर कर दिया, अपने अंतिम दिनों तक में भी वे निरंतर, हर विषय पर लेखन, अखबारों के अध्ययन, खास प्रकाशित खबरों पर मनन, विशेष विषयों की कटिंग कर फाईलें तैयार करना, करते रहें। साथ ही पत्रकारिता के अपने शुरुआती दिनों से ही उन्होंने गंभीर विषयों पर रिपोर्टिंग कि,जब बस्तर में याज़ नामक बिमारी को उन्मूलित घोषित कर दिया गया, उस समय श्री हुसैनी जी ने खोजी पत्रकारिता की अहम भूमिका निभाते हुए उस बस्तर के अबूझमाड़ क्षेत्र में जाकर रिपोर्टिंग की जिसको सरकार ने समाप्त घोषित कर दिया था, उस याज़ नामक बिमारी की मौजूदगी को सरकार समेत सभी के सामने लाकर खड़ा कर दिया, ऐसी खोजी पत्रकारिता का स्वरूप आज नगण्य ही नज़र आता है।

इसी रिपोर्टिंग के लिए हुसैनी जी को स्टेटस-मैन के सम्मान से नवाजा गया। साथ ही 1981 में राष्टपति पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया, इसी प्रकार गंगरेल बांध जो आज धमतरी शहर के लिए पर्यटन स्थल के रूप में सामने हैं, गंगरेल बांध, जब उस स्थल पर किसी बांध का नामों निशान भी नहीं था, उस वक्त भी जितने गांव डूबे थे, उन आखिरी पहुंच विहीन गांवों तक नाव के माध्यम से जाकर अपने समाचारों में उन गाँवो कि स्थिति प्रस्तिथि से लोगों को अवगत कराया था।

इसके अलावा भी कई उतार-चढ़ाव भरी जिंदगी भी देखी कभी विरोध भी देखा, कभी दबाव देखा कभी त्याग भी किया, लेकिन अपनी कलम की धार को कभी डगमगाने नहीं दिया, पत्रकारिता के लिए अपना पूरा जीवन दिया। यहीं कहानी खत्म नहीं होती पत्रकारिता के साथ साथ उनका रूझान पुरातत्व में भी रहा। अपने स्कूली दिनों से ही वे काफी होनहार रहे, लेखन , भाषण, कविता, साहित्य सभी में कई मंचों में अपना लोहा मनवाया, पुरानी चीजों का संग्रह, डाक टिकट संग्रह, सिक्के संग्रह का भी काफी शौक रखा। पुरातत्व के प्रति रूझान ने उन्हें कई पुरातत्व से सम्बन्धित पहलुओं का ज्ञाता बनाया, पापा जी का जीवन ऐसा रहा कि हर कोई उनसे प्रभावित रहा, लोग मिलते गये कारवां बढ़ता गया, छोटे क्या बड़े क्या हर तबके, हर वर्ग उनके लिए बाराबर रहा,इस कारवां में नाम तो बहुत है, केसरीमल लुंकड,मदन गोपाल गुप्ता,दाऊद भाई,सुभाष जैन,धनी राम ,कृष्णा प्रसाद शर्मा,कनक तिवारी, गोपाल शर्मा ऐसे नाम तो बहुत है।पर कारवां यहीं रूकता नहीं, ऐसे ही पत्रकारिता के क्षेत्र में कई पापा के सहबंधु रहे जिन्हें पापा हमेशा याद करते रहे, जिनमें नैय्यर जी, रायपुर के मायाराम सुरजन, ललित सुरजन,राजनारायण मिश्र प्रमुख थे जैसे कई और शख्सियत शामिल रहे। अविभाजित मध्यप्रदेश के समय रायपुर जिले के तत्कालीन कलेक्टर नज़ीब जंग ज़्याऊल हुसैनी जी कि रिपोटिंग, धमतरी जिले के अनेक गांव जो बरसात में धमतरी से अलग हो जाते थे उन पहुंच विहीन इस क्षेत्र के ग्रामवासी बरसात के पूर्व चार माह का राशन भरने मजबूर रहते हैं के समाचार को संज्ञान में लेकर ग्राम तिर्रा नाव से गये थे,पहली बार उस क्षेत्र में आईएएस कलेक्टर नज़ीब जंग ने वहां के लोगों से बात की और वर्ष 1980 में धमतरी एसडीएम तत्कालीन रंगलाल जयपाल को नदी में पुल बनाने की योजना को शीघ्रता शीघ्र भेजने का निर्देश दिया,आज जो उस क्षेत्र में पुल पुलिया का निर्माण हुआ है वह ज़्याउल हुसैनी की लेखनी का कमाल था।

करते हैं जो मशक्कत उनकी राहों में अंधेरा कम होता है, मंजिल वही पाते हैं जिनके हौसलों में दम होता है, दम होता है।

यही नहीं जब अपने दिन भर के काम से फारिग होने के बाद शाम जब पापा देशबंधु में थे तब पापा की एक रूटीन यह भी रहती थी कि, उस वक्त

पुराने बस स्टैंड स्थित विनोद होटल अपने समय की फेमस होटलों में एक होटल थी जहां देश प्रदेश के ख्याति नाम साहित्यकारों, पत्रकारों, गणमान्यजनों की बैठकें हुआ करती थी वहां ऐसे लोगों का जमावड़ा सिर्फ नाश्ता चाय के लिये नहीं होता था बल्कि शहर के विकास और समस्याओं से शहर वासियों को कैसे निजात मिलेगी इस पर गंभीरता से चर्चा होती रही,शाम होते ही यहां, स्वर्गीय नारायण लाल परमार,त्रिभुवन पांडेय,मुकीम भारती,अनवार आलम ज़्याऊल हुसैनी तथा सर सुरजीत नवदीप भी अक्सर पहुंचते, चर्चाएं होती और तहसील विकास को लेकर जो बातें होती उसे स्वर्गीय ज़्याऊल हुसैनी देशबंधु में समाचार के रूप में शासन प्रशासन के समक्ष परोसते रहे , इसमें विनोद कक्का की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी,आज हमारे बीच ऐसे साहित्यकारों, कवियों,की कमी खलती है और सबसे ज़्यादा दु:ख उस दिन हुआ जब शहर की तमाम गतिविधियों को अपने फाईलों में संजोकर रखने वाले शहर के नामी पत्रकार पापा जी भी दिनांक 31-12-2024 को हमसे जुदा हो गये।



## गौतम अडानी के बेटे जीत ने दिवा संग रचाई शादी, अडानी ने मांगी इस बात की माफी

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। भारतीय उद्योगपति व अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी के छोटे बेटे जीत अडानी शादी के बंधन में बंध गए। उन्होंने दिवा जैमिन शाह के साथ अहमदाबाद में शादी की। शादी की तस्वीर भी अडानी ने सोशल मीडिया पर शेयर की है।यह शादी बिल्कुल सादे तरीके से हुई है. इस समारोह में केवल उनके करीबी दोस्त और रिस्तेदार शामिल हुए। गौतम अडानी ने सोशल मिडिया एक्स पर तस्वीर शेयर करते हुए लिखा परमपिता परमेश्वर के आशीर्वाद से जीत और दिवा आज विवाह के पवित्र बंधन में बंध गए है। यह विवाह आज अहमदाबाद में प्रियजनों के बीच पारंपरिक रीति रिवाजों और शुभ मंगल भाव के साथ संपन्न हुआ। यह एक छोटा और अत्यंत निजी समारोह था। इसलिए हम चाह कर भी सभी शुभचिंतकों को आमंत्रित नहीं कर सके। इसके लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूं।

## दिल्ली के गुनाहगारों को लोग माफ नहीं करेंगे : अलका लाम्बा

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के शुरुआती रुझानों में कांग्रेस भले ही कहीं नजर नहीं आ रही है लेकिन पार्टी के महिला संगठन की राष्ट्रीय प्रमुख एवं कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लाम्बा ने कहा है कि चुनाव के रुझान जो भी हों, लेकिन दिल्ली के गुनाहगारों को जनता माफ नहीं करेगी।

श्रीमती लाम्बा ने आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बिना कहा, मैं आज सुबह सबसे पहले कालकाजी मंदिर गई हूं। मुझे नहीं मालूम कि दिल्ली में किसका फायदा हो रहा है और किसका नुकसान हो रहा है लेकिन मुझे मालूम है कि दिल्ली के लोग दिल्ली के गुनाहगार को माफ नहीं करेंगे। जिसने दिल्ली का नुकसान किया है उसका नुकसान हो रहा है, यह तय है। इस बीच कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के रुझानों पर कहा हम राजनीतिक लोग हैं और गलतियां हो सकती हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस में कमी रही है और हम इसको स्वीकार करते हैं। उन्होंने भाजपा के आरोप पर कहा कि इस पार्टी का कोई प्रचार तब तक पूरा नहीं होता है, जब तक गांधी परिवार को भला बुरा नहीं कहते हैं।

# आधुनिक हथियारों से सुसज्जित हो रही भारतीय सेना, ट्रंप देंगे भारत को घातक हथियार!

नई दिल्ली(ए)। भारतीय सेना अपने आधुनिक हथियारों से सुसज्जित हो रही है। सेना ने अब ज्यादा से ज्यादा ऐसे उपकरण को शामिल करने की रफ़्तार को बढ़ा दिया है जो कि कि प्लेन इलाकों, रेगिस्तान और हाई ऑल्टिट्यूड के इलाकों में रामबांण हो। इसी कड़ी में तेजी से दावा मजबूत कर रही है। पीएम मोदी के प्रस्तावित अमेरिकी दौरे में कई रक्षा सौदों पर भी चर्चा होने की संभावना जताइ जा रही है। इसमें अमेरिकी आसीवी यानी इंफेंट्री कॉंबेट वेहिक्ल स्ट्राइकर भी हो सकता है।

भारतीय सेना के मैकेनाइज्ड इंफेंट्री में 2000 के करीब रूसी आसीवी बीएमपी-2 मौजूद है। जिसमें दो तरह के इंफेंट्री कांबेट वेहिकल है। एक ट्रैक्ड यानी की टैंक की तरह ट्रैक पर मूव करने वाले तो दूसरा व्हील्ड यानी पर टायरों वाले।अब भारतीय सेना व्हील्ड इंफेंट्री कांबेट वेहिकल को बदलने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। सेना जल्द 500 से ज्यादा इंफेंट्री कांबेट वेहिकल को नए आसीवी से बदलने की तैयारी में हैं। स्वदेशी के



साथ साथ विदेशी कंपनियों ने भी अपना दावा पेश कर दिया है। अमेरीकी कंपनी जनरल डायनामिक्स लैंड सिस्टम्स आसीवी स्ट्राइकर निर्माण करती हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल सितंबर अक्टूबर में लद्दाख के हाई एल्टिट्यूड इलाके में सेना को इसका डेमों भी दिया गया। यह डेमो नो कॉस्ट नो कमिटमेंट के तहत अमेरिकी कंपनी ने दिया। सूत्रों की माने तो 13000 से 18000 फिट की उंचाइ पर यह डेमो हुआ।

स्ट्राइकर के अलग अलग वेरिएंट है। जिसमें इंफेंट्री कैरियर, मोबाईल गन सिस्टम, मेडिकल इवैक्यूशन, फायर सपोर्ट, एंटी टैंक गाईडेड मिसाइल कैरियर और रेकॉनेन्स वेहिकल शामिल है। भारतीय सेना को एंटी टैंक गाईडेड मिसाइल कैरियर की जरूरत है। सूत्रों के मुताबिक लद्दाख में स्ट्रायकर के डेमो के दौरान जैवलीन एटीजीएम का भी ट्रायल कंपनी ने दिया है। स्ट्रायकर 8 व्हील ड्राइव कॉंबेट वेहिकल है।

## गोपालगंज : पुलिस मुठभेड़ में मारा गया 50 हजार का इनामी मनीष यादव, जवान भी गोली लगने से घायल

गोपालगंज(आरएनएस)। बिहार के गोपालगंज जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और कुख्यात अपराधी के बीच हुई मुठभेड़ में एक इनामी बदमाश मारा गया। इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी के भी घायल होने की सूचना है।

बताया जा रहा है कि मृतक अपराधी पर 50 हजार का इनाम था। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि मुठभेड़ की यह वारदात गोपालपुर थाने के रामपुर खुर्द गांव के पास नहर पर हुई। बताया गया कि कुख्यात अपराधी मनीष यादव किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए पहुंचा था, जिसकी जानकारी पुलिस को हो गई।

बिहार एसटीएफ और गोपालगंज पुलिस की टीम अपराधी की तलाश में निकली। पुलिस ने मनीष यादव को चारों तरफ से घेराबंदी करने के बाद सरेंडर करने के लिए कहा लेकिन उसने ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें मनीष गोली लगने से घायल हो गया। घायल अवस्था में इसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने बताया कि मृतक अपराधी पर सरकार की ओर से 50 हजार का इनाम घोषित था, जिसकी तलाश कई मामलों में थी।





दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय का सुनसान दृश्य।

# वेव्स सलाहकार बोर्ड में शामिल हुए अनिल, अनुपम और चिरंजीवी, जताया पीएम मोदी का आभार

मुंबई (आरएनएस) । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए वेव्स सलाहकार बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की। बोर्ड में कई हस्तियां शामिल हुईं। अनिल कपूर, अनुपम खेर, चिरंजीवी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर पीएम मोदी का आभार जताया।

अभिनेता अनिल कपूर ने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, वेव्स के सलाहकार बोर्ड का हिस्सा बनना और इस अविश्वसनीय पहल में योगदान करने का अवसर मिलना सम्मान की बात है। हमने साथी सदस्यों के साथ चर्चा की और हम भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र बनाने की दिशा में काम करने के लिए तत्पर हैं।

अभिनेता अनुपम खेर ने वेव्स को 'अद्भुत पहल' बताते हुए एक्स हैंडल पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद कि उन्होंने मुझे वेव्स के सलाहकार बोर्ड में शामिल होने का शानदार अवसर दिया। यह एक अद्भुत पहल है। यह निश्चित रूप से भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र बनाएगा। आपके विचारों को सुनना और बोर्ड के अन्य प्रतिष्ठित सदस्यों की भागीदारी एक स्पष्ट संकेत है कि भारत कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर मनोरंजन और सांस्कृतिक क्षेत्र का दावोस बन जाएगा!

अभिनेता चिरंजीवी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, इस सम्मान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद। वेव्स (विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन) के सलाहकार बोर्ड का हिस्सा बनना और अन्य सम्मानित सदस्यों के साथ अपनी राय शेयर करना वास्तव में सौभाग्य की बात थी। मुझे कोई संदेह नहीं है कि मोदी जी का वेव्स को लेकर विचार भारत की 'सॉफ्ट पावर' को दुनिया में ऊंचाइयों तक ले जाएगा। सभी उत्साह और बहुत जल्द नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार रहें!

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को दुनिया में वैश्विक मनोरंजन केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वेव्स के सलाहकार बोर्ड की एक व्यापक बैठक की शुक्रवार को अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने कई हस्तियों के साथ वर्चुअल बातचीत की, जो वेव्स शिखर सम्मेलन के सलाहकार बोर्ड का हिस्सा हैं।


### और लड़ो आपस में', दिल्ली चुनाव नतीजों के बीच उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस-आप पर साधा निशाना

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में वोटों की गिनती जारी है। शुरुआती रुझानों में भाजपा ने बहुमत हासिल कर लिया है। अब तक के डेटा के अनुसार, बीजेपी 40 सीटों पर आगे चल रही है जबकि AAP सिर्फ 30 सीटों पर बढ़त हासिल कर पाई है वहीं कांग्रेस 0 पर सिमटती हुई नजर आ रही है। इसी बीच जम्मू-कश्मीर के सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट कर कांग्रेस और AAP पर निशाना साधा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'महाभारत' सीरियल का एक सीन शेयर करते हुए उमर अब्दुल्ला ने सिर्फ इतना लिखा, 'और लड़ो आपस में!'ज इससे साफ हो रहा है कि उनका इशारा दिल्ली में कांग्रेस और AAP के अलग-अलग चुनाव लड़ने के फैसले पर है। बता दें कांग्रेस और AAP केंद्र में इंडिया ब्लॉक का हिस्सा हैं लेकिन विधानसभा चुनावों में दोनों पार्टियों में कोई गठबंधन नहीं हुआ था।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने के - कार्ड के लाभ पर प्रकाश डालते हुए किया आह्वान

नई दिल्ली (निप्र)। पूर्व आई. आर. एस. प्रधान आयुक्त भारत सरकार डॉ अनूप श्रीवास्तव राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने ब्यान जारी कर के - कार्ड के महत्वों पर प्रकाश डाल कायस्थों को अप्लाई करने हेतु आह्वान किया है।उन्होंने बताया कि यह कायस्थ कार्ड कायस्थों के लिए ऐसी नेक कार्ड है जिसके अनेकानेक फायदे हैं और इसके लिए कायस्थों को महासभा द्वारा जारी फॉर्म को लिंक के माध्यम से भरनी होगी और डाउनलोड कर स्वत: के - कार्ड को प्राप्त करनी होगी।ये के - कार्ड कायस्थों के सहायतार्थ मौनी अमावस्या के दिन दिनांक 29 जनवरी 2025 को श्री चित्रगुप्त भगवान की स्मृति में जारी की गई है जो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कायस्थों को उनकी समस्याओं से निजात दिलायेगी और उनके उत्थान में मील की पत्थर साबित होगी । इसलिये मेरी समझ से ये कार्ड भविष्य में वरदान साबित होगी। इस के - कार्ड, कार्ड होल्डर के फायदों के



अंतर्गत इस कार्ड की टाइ - अप कई ब्लड बैंकों से हो चुकी है और चूकी के - कार्ड, कार्ड होल्डर के सम्बंध जुड़े सभी सदस्यों से रहेगी इसलिये कायस्थ मरीजों को ब्लड की उपलब्धता 6 से 18 घंटे के बीच या अविलंब होगी। के - कार्ड के संबंध जल्द ही बीमा कंपनियों से होगी जिससे कायस्थों को ग्रुप बीमा के स्कीम के अंतर्गत लाभ प्राप्त होगी। के - कार्ड के संबंध कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों से हो चुकी और कईयों से सम्बंध स्थापित करने की कोशिश जारी है जहां के - कार्ड होल्डर को 10 से 50 प्रतिशत की छूट हासिल होगी। के - कार्ड के सम्बंध कई होटलों या लॉजों, धर्मशालाओं से हो चुकी है और कईयों से सम्बंध बनाने की कोशिश जारी है जहां रियायत दर पर ठहराव की व्यवस्था होगी। के - कार्ड के सम्बंध एयरलाइन्स टिकट बुकिंग के एजेंसी से है और कई एजेंसियों से बातचीत जारी है जहां 10 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक टिकट में छूट हासिल होगी।

## अब छत्तीसगढ़ राज्य में पेट्रोल पंपों पर भी होगी वाहनों की प्रदूषण जांच

रायपुर, (आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ राज्य में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए अब पेट्रोल पम्पों पर वाहनों की प्रदूषण जांच के सेंटर (पीयूसी) स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए पेट्रोलियम कम्पनियों ने अपनी सहमति दे दी है। पेट्रोल पंपों पर प्रदूषण जांच केंद्र स्थापित होने से वाहन चालकों को पीयूसी प्रमाण पत्र बनवाने में आसानी होगी और उन्हें अन्य केंद्रों की तलाश में भटकना नहीं पड़ेगा। इसके अलावा, यह पहल वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में मददगार और राज्य में पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 4 फरवरी 2025 को परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में वाहनों के धुएं से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत 7 फरवरी 2025 को परिवहन सचिव एवं परिवहन आयुक्त श्री एस. प्रकाश और अपर परिवहन आयुक्त श्री डी. रविशंकर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

## दो तस्करों के साथ महिला 67 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

बस्तर-रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में गांजा तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है. लेकिन शातिर तस्कर आचार संहिता में भी बाज नहीं आ रहे हैं. बस्तर पुलिस ने उड़िसा सीमा पर सूखे नशे की तस्करी करते महिला समेत दो तस्कर गिरफ्तार को गिरफ़्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 67 किलो गांजा बरामद किया गया है. यह मामला नगरनार थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, पुलिस ने आज ओडिसा बॉर्डर पर धनपूजी फोरेस्ट नाके में एक संधिग्ध वेगनआर कार को रुकवाया। जिसमें एक महिला और पुरुष बैठे थे। पूछताछ में अपना नाम राहुल सुटवाल और अर्जीना बीबी बताया. वाहन की चेकिंग की तो पुलिस को शुरुआत में कुछ हाथ महीं लगा. जब पुलिस ने कार की सीट के निचे देखा तो पुलिस के होश उड़ गए. पुलिस को 67 किलोग्राम गांजा मिला. जिसकी कीमत 6 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई है.

## जिला अस्पताल की बदहाल व्यवस्था, शव वाहन के अभाव में परिजन रहे बेबस

नारायणपुर (ए.)। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिला अस्पताल की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था एक बार फिर शर्मसार हो गई। अस्पताल में शव वाहन की अनुपलब्धता के कारण परिजन घंटों तक अपने मृतक परिजन के शव के साथ बैठे रहे, लेकिन प्रशासन से कोई मदद नहीं मिली। जानकारी के अनुसार, नारायणपुर जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर धोड़ाई गांव के निवासी आर्कित सलाम को उल्टी-दस्त की गंभीर समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। लेकिन जब परिजनों ने शव को गांव ले जाने के लिए वाहन की मांग की, तो अस्पताल प्रशासन असमर्थ नजर आया। शव वाहन खराब होने के कारण परिजनों को खुद ही व्यवस्था करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

मृतक के परिजन रजनी सलाम और लक्ष्मण सलाम अस्पताल प्रशासन से गुहार लगाते रहे, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। आखिरकार, कांग्रेस के पूर्व पार्षद ने खुद गाड़ी का इंतजाम कर शव को गांव भेजने की जिम्मेदारी उठाई। इस अव्यवस्था को लेकर मृतक के परिजनों ने सरकार और प्रशासन पर सवाल उठाते हुए आक्रोश व्यक्त किया।

## कहां-कहां किसने भ्रष्टाचार किया सब जानता हूं, एक को भी नहीं छोडूंगा

### -राजस्थान विधानसभा में सीएम भजनलाल ने कांग्रेस पर बोला हमला

जयपुर,(ए.)। राजस्थान विधानसभा में फोन टेपिंग विवाद को लेकर दिनभर हंगामा चलता रहा, लेकिन इस बीच सीएम भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस को लुटेरों की पार्टी बताते हुए कहा कि यह दलित नेता को बोलने ही नहीं देती है।

सीएम भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं गांव से आया हूं, सरपंच से सीएम की कुर्सी तक पहुंचा हूं। कहां-कहां किसने भ्रष्टाचार किया है, सब जानता हूं। एक भी भ्रष्टाचारी को नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने कांग्रेस शासनकाल की विफलताओं का जिक्र करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन में राजस्थान पिछली कांग्रेस सरकार के समय देश में सबसे पीछे था, लेकिन अब केंद्र सरकार ने इसकी अवधि 2028 तक बढ़ा दी है, जिससे राजस्थान को फायदा मिलेगा।

केंद्र से मिलने वाली राशि का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि केन्द्रीय टैक्स में राजस्थान का हिस्सा 75,156 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 85,716 करोड़ रुपए कर दिया है। यह हमारी डबल इंजन सरकार की ताकत है। उन्होंने कांग्रेस पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार सिर्फ योजनाओं के ढोल पीटती रही, लेकिन उनका क्रियान्वयन नहीं किया। हमने पिछली सरकार की योजनाओं की कमियों को सुधारकर उन्हें परिष्कृत रूप में लागू किया।

उन्होंने कहा कि हमारी अन्नपूर्णा रसोई योजना का नाम बदलकर इंदिरा गांधी रसोई योजना कर दिया, लेकिन हमने फिर से इसे सुधारकर लागू किया है। सीएम ने कांग्रेस को याद दिलाया कि जब प्रदेश में कोविड जैसी महामारी फैली थी, तब कांग्रेस के नेता महीनों तक होटल में छिपे रहे। उन्होंने जनता की कोई चिंता नहीं की, बल्कि सत्ता की लड़ाई में उलझे रहे।



लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नई दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला 2025 के दौरान भारत मंडपम में एक पुस्तक का विमोचन किया, जिसमें साहित्य और ज्ञान साझा करने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

## पवन की गिरफ्तारी की मांग तेज, गोंड़ समाज में बढ़ रहा रोष

कोरबा, (आरएनएस)। गोंड समाज को लेकर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले भाजपा के नेता और नगर पालिका परिषद कटघोरा के वार्ड क्रमांक 6 से पार्षद प्रत्याशी पवन अग्रवाल की गिरफ्तारी की मांग तेज हो गई है।

गोंडवाना महासभा केंद्र तिवरता, कोरबा के सचिव ईश्वर आरमेक्सन, गोंडवाना महासभा ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में कहा है कि दिनांक 31.01.25 को (एसडीएम) सभागार कक्ष में गोंड समाज को लेकर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले पवन अग्रवाल पिता बिहारी लाल अग्रवाल निवासी कटघोरा के खिलाफलाल बहादुर सिंह कोर्राम निवासी कटघोरा के द्वारा कटघोरा थाना में दिनांक 01.02.25 को अपराध क्र.46/2025 धारा 3 (1) (द) एस टी.एस सी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कराया गया था। जिसके चलते पवन अग्रवाल के द्वारा दिनांक 03.02.25 को विशेष न्यायाधीश एस टी.एस सी एक्ट कोरबा के समक्ष अग्रिम जमानत हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

दिनांक 04.02.25.को न्यायाधीश के द्वारा जमानत याचिका नामंजूर कर दिया गया है उसके बावजूद आज तक अभी भी पवन अग्रवाल की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण वह पूरे कटघोरा नगर में मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता कहते हुए घूम रहा है, जिसके कारण गोंड़ (आदिवासी) समाज के बीच में रोष व्याप्त है एवं तनाव बढ़ता ही जा रहा है जबकि वर्तमान में संवेदनशील नगरीय निकाय चुनाव एवं पंचायती राज चुनाव की प्रक्रिया चल रही है जिसके चलते गम्भीर घटना की आशंका बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक से निवेदन किया गया है कि सार्वजनिक स्थल पर ऐसे समाज विशेष पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले की गिरफ्तारी तत्काल की जाये अन्यथा आने वाले दिनों में मजबूरन समाज के द्वारा ठोस एवं निर्णायक कार्यवाही करने हेतु उचित कदम उठाया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

रायपुर, (आरएनएस)। शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 31 वर्षीय प्रार्थिया ने डीडीनगर थाना में शिकायत किया कि आरोपी डिगेश्वर साहू 32 वर्ष से उसका परिचय फेसबुक के माध्यम से हुआ। इस दौरान आरोपी ने प्रार्थिया को शादी का प्रलोभन देकर कृष्णा नगर स्थित अपने किराए के मकान में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

## दो तस्करों के साथ महिला 67 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

बस्तर-रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में गांजा तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है. लेकिन शातिर तस्कर आचार संहिता में भी बाज नहीं आ रहे हैं. बस्तर पुलिस ने उड़िसा सीमा पर सूखे नशे की तस्करी करते महिला समेत दो तस्कर गिरफ्तार को गिरफ़्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 67 किलो गांजा बरामद किया गया है. यह मामला नगरनार थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, पुलिस ने आज ओडिसा बॉर्डर पर धनपूजी फोरेस्ट नाके में एक संधिग्ध वेगनआर कार को रुकवाया। जिसमें एक महिला और पुरुष बैठे थे। पूछताछ में अपना नाम राहुल सुटवाल और अर्जीना बीबी बताया. वाहन की चेकिंग की तो पुलिस को शुरुआत में कुछ हाथ महीं लगा. जब पुलिस ने कार की सीट के निचे देखा तो पुलिस के होश उड़ गए. पुलिस को 67 किलोग्राम गांजा मिला. जिसकी कीमत 6 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई है. पुलिस ने मामले में आरोपी राहुल सुटवाल और अर्जीना बीबी को गिरफ्तार कर लिया है. दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# ऑफ शोल्डर टॉप में अवनीत कौर ने बढ़ाई फैंस की धड़कनें



अवनीत कौर अपने ग्लैमरस अंदाज को लेकर चर्चा में रहती हैं. वे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. हाल ही में उन्होंने अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं जो वायरल हो रही हैं. एक्ट्रेस अवनीत कौर ने टीवी से बॉलीवुड तक का सफर तय कर लिया है. एक्ट्रेस अपने बेबाक अंदाज से फैंस का दिल जीत लेती हैं. उनके गॉर्जियस अवतार से लोगों का नजरें हटाना मुश्किल हो जाता है। अवनीत कौर ने हाल ही में एक फोटोशूट कराया है जिसकी फोटोज वायरल हो रही हैं. मरून कलर के ऑफ शोल्डर क्रॉप टॉप के साथ मैचिंग स्कर्ट पहने एक्ट्रेस बेहद स्टनिंग दिख रही हैं.इसे उन्होंने मैचिंग हाफ ब्लेजर के साथ पेयर किया है. वहीं उनकी स्कर्ट में बना गुलाब के फूलों वाला डिजाइन उनके आउटफिट को और भी खूबसूरत बना रहा है.इस ग्लैमरस ड्रेस के साथ अवनीत ने ब्लैक हील्स कैरी किए हैं. खुले बालों के साथ वे काफी हसीन लग रही हैं.अवनीत ने अपना हेयरस्टाइल कर्ली रखा और डार्क लिप्स्टिक के साथ अपने लुक को फाइनल किया.उन्होंने कभी बैठकर पोज दिए तो कभी खड़े होकर फोटोशूट कराया. फोटोज शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा- दोबारा मेरे रेड हेट दौर में.अवनीत की इन तस्वीरों ने फैंस के दिलों की धड़कन तेज कर दी है. एक फैन ने कमेंट किया- सुंदरी. दूसरे ने लिखा- गॉर्जियस. इसके अलावा एक शख्स ने लिखा- इस सुपर स्माइल को किसी की नजर ना लगे.बता दें कि अवनीत कौर ने फिल्म टीकू वेड्स शेरू से बॉलीवुड डेब्यू किया था. वे फिल्म लव की अरेंज मैरिज में भी नजर आ चुकी हैं. इन दिनों अवनीत लव इन वियतनाम की शूटिंग कर रही हैं।


# परेश रावल की तेरा यार हूं मैं से जुड़ीं नेहा खान

पिछले काफी समय से दिग्गज अभिनेता परेश रावल अपनी आगामी फिल्म तेरा यार हूं मैं को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान मिलाप मिलन जावेरी ने संभाली है।

यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसके जरिए जाने-माने निर्देशक और निर्माता इंद्र कुमार के बेटे अमन इंद्र कुमार अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं।अब तेरा यार हूं मैं की स्टार कास्ट में नेहा खान भी शामिल हो गई हैं।रिपोर्ट के अनुसार, तेरा यार हूं मैं में अमन की जोड़ी नेहा के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। निर्माताओं ने फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए नेहा से संपर्क किया है और अभिनेत्री ने इस फिल्म के लिए हामी भर दी है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि उन्होंने अपने हिस्से की शूटिंग शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि नेहा फिल्म में तनिषा नाम की लड़की का किरदार निभाएंगी। तेरा यार हूं मैं जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिलहाल इस फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। इस फिल्म निर्माता इंद्र कुमार हैं। फिल्म की शूटिंग मुंबई में शुरू हो चुकी है। आकांक्षा शर्मा भी इस फिल्म में अभिनय करती नजर आएंगी। उदित नारायण और आदित्य नारायण मिलकर इस फिल्म के गानों में अपनी आवाज देने वाले हैं। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट को मिली नई रिलीज तारीख, नया पोस्टर आया सामने




जॉन अब्राहम ने प्रशंसकों के साथ एक दिलचस्प सरप्राइज शेयर किया है। अभिनेता-निर्माता ने वेदा के बाद अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है , जिसमें वह एक बार फिर पावर-पैक एक्शन स्टार के रूप में नजर आएंगे। द डिप्लोमैट नामक इस फिल्म की घोषणा कुछ साल पहले प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज के सहयोग से की गई है।

इस फर्स्ट लुक पोस्टर में अभिनेता काफी फॉर्मल अवतार में नजर आ रहे हैं। ऐसा लगता है कि फिल्म मद्रास कैफे , परमाणु और बाटला हाउस जैसे उनके यह फिल्म भी किसी राजनीतिक ड्रामा की तर्ज पर होगी । इंस्टाग्राम पर इसके बारे में साझा करते हुए, अभिनेता ने फोटो को कैप्शन दिया, साहस और कूटनीति की इस कहानी को जीवंत करने के लिए सम्मानित। देश को हिला देने वाली एक सच्ची कहानी से प्रेरित इस फिल्म में शक्ति, देशभक्ति की एक मनोरंजक कहानी दिखाने की उम्मीद है।

पोस्ट में, अभिनेता ने रिलीज की तारीख यानी 7 मार्च, 2025 भी साझा की। द डिप्लोमैट के बारे में अधिक बात करते हुए, जॉन एक उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारी का किरदार निभाएंगे। यह फिल्म शिवम नायर द्वारा निर्देशित और रितेश शाह द्वारा लिखित है। यह फिल्म टी-सीरीज, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित है।

पहले यह फिल्म 11 जनवरी 2024 को थिएटर्स में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, बाद में इसे बदल दिया गया। प्रशंसक लंबे समय से इस फिल्म का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में यह घोषणा उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है।

बता दें कि फिल्म का निर्माण जॉन अब्राहम, भूषण कुमार, समीर दीक्षित, अश्विन, राजेश बहल, विपुल शाह और कृष्णन कुमार मिलकर कर रहे हैं। इसका निर्देशन शिवम नायर ने किया है, जो नाम शबाना और मुखबिर जैसी फिल्म और वेब सीरीज बना चुके हैं।

# धूम धाम का नया पोस्टर जारी, यामी गौतम और प्रतीक गांधी की दिखी झलक



यामी गौतम को पिछली बार फिल्म आर्टिकल 370 में देखा गया था। इस फिल्म में उनकी काम की खूब तारीफ हुई थी, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी। पिछले कुछ दिनों से यामी अपनी आगामी फिल्म धूम धाम को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेता प्रतीक गांधी के साथ बनी है और यह दोनों के बीच पहला सहयोग है। अब धूम धाम का पहला पोस्टर सामने आ गया है। धूम धाम के नए पोस्टर में यामी और प्रतीक की झलक दिख रहा है। जहां यामी हाथ में बंदूक थामे नजर आ रही हैं, वहीं प्रतीक काफी डरे हुए दिख रहे हैं।फिल्म के लेखक यामी के पति आदित्य धर हैं, वहीं ऋषभ सेठ इसके निर्देशक हैं।धूम धाम रोमांस और कॉमेडी से भरपूर मनोरंजक फिल्म है, जिसमें शादी के इर्द-गिर्द मस्ती भरी कहानी पेश की जाएगी।इस फिल्म को यामी गौतम के पति आदित्य धर प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है। बेशक फिल्म का पोस्टर मजेदार अंदाज में साझा किया गया है। ये कहानी है कोयल और वीर की। वीर एक मम्मा बॉय है जो कि एक एनिमल डॉक्टर भी है। वहीं, यामी गौतम के किरदार कोयल चुलबुली सी लड़की है।इसमें कोयल और वीर की लव स्टोरी में ड्रामा और कॉमेडी की मिली जुली झलक दिखाई दे रही है। फिल्म 14 फरवरी, 2025 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# ओपनिंग डे पर छाई विदामुयार्ची, नॉर्थ अमेरिका में अजित कुमार की फिल्म ने तोड़ा कमाई का ये रिकॉर्ड




साउथ सुपरस्टार अजित कुमार की एक्शन थ्रिलर फिल्म विदामुयार्ची ने ओपनिंग डे पर बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया है. दो साल बाद पर्दे पर लौटे अजित कुमार ने फैंस को फिल्म विदामुयार्ची से मनोरंजन का बड़ा तोहफा दिया है. फिल्म विदामुयार्ची को भारत में बड़ी ओपनिंग मिली है. वहीं, अजित ने विदामुयार्ची से नॉर्थ अमेरिका में अपने लिए कमाई से इतिहास रच दिया है। बार-बार पोस्टपोन होने के बाद फिल्म विदामुयार्ची को आखिरकार थिएटर नसीब हुए और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस ही हिला डाला है. इससे पहले अजिन ने साल 2023 में रिलीज हुई एक्शन थ्रिलर फिल्म थुनिवू से धमाका किया था. थुनिवू अजित की नॉर्थ अमेरिका में सबसे बड़ी ओपनिंग लेने वाली फिल्म थी, जिसका रिकॉर्ड विदामुयार्ची ने तोड़ दिया है. बता दें, विदामुयार्ची साल 1997 में रिलीज हुई अमेरिकन फिल्म ब्रेकडाउन से अडेप्ट की गई है।

विदामुयार्ची की रिलीज से पहले अटकलें थी फिल्म 16 करोड़ रुपये से ओपनिंग करेगी, लेकिन पॉपुलर इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क की मानें तो फिल्म विदामुयार्ची ने पहले दिन 22 करोड़ रुपये से खाता खोला है, हालांक फिल्म का ऑफिशियल आंकड़ा आना बाकी है. विदामुयार्ची ने तमिल में 21.5 करोड़ रुपये और तेलुगू में 0.5 करोड़ रुपये कमाए हैं. विदामुयार्ची का निर्देशन मगीज तिरुमेनी ने किया है. वहीं, ओपनिंग डे पर फिल्म का ऑक्यपेंसी रेट 61.23 दर्ज किया गया है।

अजित ने विदामुयार्ची से नॉर्थ अमेरिका में कमाई के झंडे गाड़ दिए हैं. ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला की मानें तो विदामुयार्ची ने प्रीमियर शो और ओपनिंग डे को मिलाकर कुल 440 हजार डॉलर की कमाई है. वहां, फिल्म 5 फरवरी को पर्दे पर लगी थी. वहीं, मलेशिया में विदामुयार्ची ने भी तगड़ी पकड़ बनाई है. विदामुयार्ची ने नॉर्थ अमेरिका में थुनिव से अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन भारत में थुनिवू से कम कमाई की है, थुनिवू का ग्रॉस कलेक्शन 240.4 करोड़ रुपये है. विदामुयार्ची अपने पहले वीकेंड मोटा पैसा कमाने की ओर जा रही है।

# बॉक्स ऑफिस पर स्काई फोर्स की कमाई की रफ्तार धीमी, 14वें दिन का कारोबार जानिए




अक्षय कुमार वीर पहाड़िया की फिल्म स्काई फोर्स ने बॉक्स ऑफिस पर आधा महीना पूरा कर लिया है. 24 जनवरी को रिलीज हुई फिल्म बंपर ओपनिंग वीकेंड कलेक्शन के बाद धीरे-धीरे कंपटीशन की वजह से ऑडियंस पर कम पकड़ बना पा रही है.

स्काई फोर्स ने पहले हफ्ते में 99.70 करोड़ रुपये का बढ़िया कलेक्शन किया. इसके बाद के वीकेंड में 19.80 करोड़ रुपये कमाकर फिल्म ने 10 दिन में ही 119.50 करोड़ रुपये का बंपर कलेक्शन कर लिया. ये आंकड़े ऑफिशियल हैं.इसके बाद के आंकड़े सैक्निल्क के मुताबिक हैं. जिनके हिसाब से फिल्म ने 11वें दिन 1.6 करोड़, 12वें दिन 1.35 करोड़, 13वें दिन 1.5 करोड़ और 14वें दिन 1.1 करोड़ रुपये ही कमाए. यानी फिल्म का 14 दिन का कुल कलेक्शन 125.05 करोड़ रुपये रहा.स्काई फोर्स का बजट 160 करोड़ रुपये हैं और फिल्म अभी भी बजट से बहुत दूर है. ऐसे में आज ही साउथ फिल्म थंडेल, बॉलीवुड फिल्में लवयापा और बैडऐस रविकुमार भी रिलीज हो चुकी हैं. कल यानी 6 फरवरी को अजित कुमार की विदामुयार्ची रिलीज होते ही 22 करोड़ रुपये का बिजनेस कर चुकी है. इसके अलावा, 31 जनवरी को रिलीज हुई देवा पहले से ही बॉक्स ऑफिस पर है. ऐसे में अक्षय कुमार की फिल्म के बिजनेस के लिए रोड़ा बनकर 5 फिल्में खड़ी हैं।

# देवा का नया गाना बस तेरा प्यार है जारी, विशाल मिश्रा ने लगाए सुर

शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की फिल्म देवा को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा हो गया है। इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थी, लेकिन पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर इसका हाल बेहाल है।

अब इस बीच निर्माताओं ने देवा का नया गाना बस तेरा प्यार है जारी कर दिया है, जिसे विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है।

इस गाने में शाहिद और पूजा की खूबसूरत केमिस्ट्री दिख रही है।

देवा का निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है, वहीं सिद्धार्थ रॉय कपूर इस फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म में पावेल गुलाटी ने भी अभिनय किया है।

इस एक्शन ड्रामा में शाहिद ने एक दबंग पुलिसवाले का किरदार निभाया है, वहीं फिल्म में पूजा एक पत्रकार बनी हैं।

सैकनिल्क के मुताबिक, देवा ने अब तक 28.15 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। फिल्म का बजट 80 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

बॉक्स ऑफिस पर देवा का सामना अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स से हो रहा है। यह फिल्म पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है।

जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म लवयापा सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। यह बड़े पर्दे पर दोनों की पहली फिल्म है।

# डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए अपनाएं ये आयुर्वेदिक उपाय, जल्द मिलेगा आराम



सर्दियों मौसम में चलने वाली ठंडी हवाएं हमारी त्वचा के साथ-साथ स्कैल्प पर भी असर डालती हैं, जिससे सर में डैंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है. इससे न सिर्फ बालों की सुंदरता कम होती है, बल्कि बालों में खुजली और रूखापन भी आ जाता है. इससे राहत पाने के लिए लोग बाजार में मिलने वाले एंटी-डैंड्रफ शैंपू का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन ये हमेशा सफल साबित नहीं होते हैं. आयुर्वेद में रूसी को जड़ से खत्म करने के लिए प्राकृतिक उपचार बताया गया है, जो स्कैल्प के स्वास्थ्य को बनाए रखता है और बालों को हेल्दी रखने में मदद करता है. आइए जानते हैं डैंड्रफ को दूर करने के आयुर्वेदिक उपाय के बारे में विस्तार से...

### नीम का इस्तेमाल

नीम में एंटीफंगल और एंटीऑक्सीडेंट गुण पाये जाते हैं, जो सर की रूसी को कम करने और स्कैल्प को साफ रखने में मदद करते हैं. इसके लिए आप नीम की पत्तियों को पीसकर पेस्ट बना लें और इसे सिर पर 20-30 मिनट लगाकर गुनगुने पानी से धो लें।

### मेथी का उपयोग

मेथी का उपयोग रूसी को कम करने में मदद करती है और स्कैल्प की सूजन को भी कम करती है. मेथी के दानों को रात भर पानी में भिगोकर रखें और सुबह पीसकर पेस्ट बनाकर बालों में 30 मिनट लगाकर पानी से धो लें।

### नारियल और नीम का इस्तेमाल

नारियल का तेल और नीम का तेल बालों में लगाने से पोषण देता है साथ ही रूसी की समस्या को खत्म करता है. इसके लिए आपको नारियल तेल में नीम का तेल मिलाकर हल्के हाथों से सिर पर मालिश करना होगा. फिर 1-2 घंटे बाद बालों को शैंपू से धो लेना होगा।

# गंदी सी गंदी चाय की छन्नी क्यों न हो, इन आसान नुस्खों से कुछ ही मिनटों में करें साफ



ज्यादातर लोगों की सुबह की शुरुआत गर्म चाय से होती है. वहीं कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनके लिए चाय के बिना दिन की शुरुआत करना असंभव होता है. हालांकि हमें चाय बनाना और पीना जितना पसंद होता है, उतना ध्यान चाय छानने वाली छन्नी पर नहीं होता है. इससे चाय की छन्नी गंदी हो जाती है. इस गंदगी के कारण छन्नी बहुत खराब दिखाई देने लगती है. स्वास्थ्य की दृष्टि से ये गंदगी नुकसानदायक हो सकती है, क्योंकि समय के साथ साफ न करने की वजह से इसमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं. चाय छानने के बाद चाहे हम इसे कितना भी साफ कर लें, यह गंदी हो ही जाती है. ऐसे में हम इस लेख में आपको बताएंगे चाय की छन्नी के गंदगी को साफ करने के आसान टिप्स के बारे में..

### डिशवॉश मिलाएं

चाय छन्नी को साफ करने के लिए गुनगुने पानी में डिश वॉश डाल कर घोलें. इसमें छन्नी को 25 मिनट के लिए डुबा दें फिर पुराना टूथब्रश लें और इसे रगड़ कर साफ करें. इससे छोटे से छोटे गंदगी के कण ब्रश से साफ हो जाएंगे.

### गर्म पानी से साफ करें

चाय छन्नी को सिंक में ले जाकर ऊपर से गर्म पानी डालें. इसके बाद स्क्रबर से रगड़ कर छन्नी को साफ करें.

### नींबू से साफ करें

चाय छन्नी को साफ करने के लिए नींबू को काटकर छन्नी में इसे रगड़ दें. फिर कुछ समय के लिए छोड़ दें और पानी से साफ करें.

### बेकिंग सोडा और विनेगर से साफ करें

आप छन्नी को साफ करने के लिए एक कटोरी में बेकिंग सोडा और विनेगर ले सकते हैं. फिर इसमें छन्नी को डाल कर कुछ समय के लिए भिगाकर रख दें. इसके बाद स्क्रबर से रगड़ कर साफ करें लें।

# अमेरिका ने भारत को भेजी 295 लोगों की लिस्ट, जल्द किया जाएगा डिपोर्ट



नई दिल्ली (ए)। अमेरिका ने भारत को 295 लोगों की सूची भेजी है, जिनकी नागरिकता की पुष्टि होने के बाद भारत वापस भेज दिया जाएगा। ये लोग उन 487 व्यक्तियों में शामिल हैं जिन्हें अमेरिका से निर्वासित किया जाना है। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। एक बयान देते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका से निर्वासित करने के लिए 487 भारतीय नागरिकों की पहचान की गई है और 295 लोगों के विवरण भारत के साथ साझा किए गए हैं। उन्होंने कहा कि साझा की गई जानकारी की अमेरिकी अधिकारियों द्वारा पुष्टि की जा रही है। विदेश सचिव ने कहा, यह एक नियमित प्रक्रिया है, जिसके बारे में कल संसद में विदेश मंत्री ने भी स्पष्ट किया था। भारत को असहयोगी देश कहना उचित नहीं होगा। कोई भी देश यह सुनिश्चित करना चाहेगा कि निर्वासित किए जा रहे लोग उसके नागरिक हैं या नहीं। इससे कानूनी और सुरक्षा से संबंधित मुद्दे भी जुड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा कि अमेरिका ने 487 भारतीय नागरिकों के संभावित निर्वासन के बारे में जानकारी दी थी। भारत सरकार ने इस संबंध में और जानकारी मांगी थी, जिसके जवाब में अमेरिका ने 298 व्यक्तियों की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि भारत इस मामले में पूरी पारदर्शिता बरकरार रख रहा है और अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है।भारत ने शुक्रवार को कहा कि उसने गैर-कानूनी प्रवासियों को हथकड़ी और निर्वासन के मुद्दे पर अमेरिका के साथ चिंता व्यक्त की है और ऐसे व्यवहार से बचा जा सकता था। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की यह टिप्पणी अमेरिका द्वारा एक सैन्य विमान में 40 घंटे की उड़ान के दौरान गैर-कानूनी भारतीय प्रवासियों को हथकड़ियों में वापस भेजने को लेकर हुए हंगामे के बीच आई है। प्रवासियों के निर्वासन से जुड़े सवालों पर, मिस्त्री ने कहा, हमने अपनी चिंताएं अमेरिका को बता दी हैं कि इस तरह के व्यवहार से बचा जा सकता है। विदेश सचिव ने कहा कि गैर-कानूनी प्रवासियों को हथकड़ी लगाने और वापस भेजने की अमेरिकी नीति 2012 से लागू है। जब विदेश सचिव से पूछा गया कि क्या भारत ने 2012 में गैर-कानूनी प्रवासियों को हथकड़ियों और निर्वासन का विरोध दर्ज कराया था, तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई विरोध हुआ था। हमारे पास इस आपत्ति के बारे में कोई रिकॉर्ड नहीं है, जिसका हवाला विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को संसद में दिया।

## कनाडा को अमेरिका में मिलाने की ट्रंप की धमकी 'वास्तविक' : ट्रूडो



ओटावा (ए)। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो कहना है कि कनाडा को अमेरिका में मिलाने की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी 'वास्तविक' है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने शुक्रवार को टोरंटो में कनाडा-अमेरिका आर्थिक शिखर सम्मेलन में व्यापार जगत के नेताओं से यह बात कही। ट्रूडो ने कहा कि ट्रंप की धमकी कनाडा के महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच से प्रेरित हो सकती है। रिपोर्ट में कनाडाई पीएम के हवाले से कहा गया, अमेरिकी राष्ट्रपति के मन में यह बात है कि ऐसा करने का सबसे आसान तरीका हमारे देश को अपने में समाहित करना है और यह एक वास्तविक बात है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ट्रंप इसलिए आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि अमेरिका को कनाडा के महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों से लाभ मिल सकता है।बता दें ट्रंप प्रशासन ने पिछले सप्ताह कनाडा से आयात पर टैरिफ लगाने की घोषणा की। इससे जवाब कनाडा ने 155 बिलियन कनाडाई डॉलर (107 बिलियन डॉलर) मूल्य के अमेरिकी सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाकर दिया। ट्रंप ने कहा कि अगर कनाडा भारी टैरिफ से बचना चाहता है तो वह अमेरिका का 51वां राज्य बन सकता है। हालांकि इसके बाद दोनों देशों ने प्रस्तावित टैरिफ को कम से कम 30 दिनों के लिए रोक दिया। ट्रूडो की तरफ से कनाडा की सीमा पर सुरक्षा को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताने के बाद, ट्रंप ने कम से कम एक महीने के लिए प्रस्तावित टैरिफ पर रोक लगाने की घोषणा की। ट्रंप के साथ बातचीत के बाद ट्रूडो ने कहा कि कनाडा अपनी पूर्व घोषित 1.3 बिलियन डॉलर के बॉर्डर प्लान को लागू करेगा।

## लापता यात्री विमान हुआ हादसे का शिकार, समुद्री बर्फ पर मिला मलबा



अलास्का(ए)। पश्चिमी अलास्का में नोम समुदाय के लिए जाना वाला एक छोटा यात्री विमान शुक्रवार को हादसे का शिकार हो गया है। जानकारी के मुताबिक, उसमें सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई है। मामले में अमेरिकी तट रक्षक के प्रवक्ता माइक सालेर्नो ने बताया कि बचावकर्मी हेलीकॉप्टर से विमान के अंतिम ज्ञात स्थान की खोज कर रहे थे, तभी उन्हें मलबा दिखाई दिया। उन्होंने जांच के लिए दो बचाव तैराकों को उतारा। जानकारी के मुताबिक, उड़ान के करीब एक घंटे के अंदर विमान का संपर्क टूट गया था।

अलास्का के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के अनुसार, बेरिंग एयर का एकल इंजन वाला टर्बोप्रॉप विमान गुरुवार दोपहर को नौ यात्रियों और एक पायलट के साथ उनालाकलीट से रवाना हुआ था। बेरिंग एयर के संचालन निदेशक डेविड ओल्सन ने बताया कि सेसना कारवां दोपहर 2ः37 बजे उनालाकलीट से रवाना हुआ था। राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, हल्की बर्फबारी और कोहरा था, तापमान 17 डिग्री (माइनस 8.3 सेल्सियस) था। विमान के बारे में एयरलाइन के विवरण के अनुसार, यह अपनी अधिकतम यात्री क्षमता पर काम कर रहा था।

## जापानी पीएम इशिबा ने की ट्रंप से मुलाकात, स्टील, रक्षा समेत कई क्षेत्रों में साथ करेंगे काम

वॉशिंगटन (ए.)। अमेरिका दौरे पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करने वाले जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने स्टील, रक्षा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग पर बातचीत की। जापानी प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, जापान एक शानदार देश है और दोनों देशों के बीच अरबों डॉलर का निवेश उत्साह बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि दोनों देशों और अन्य देशों के बीच पोषित गठबंधन भविष्य में भी फलते-फूलते रहेंगे। अमेरिका और जापान के बीच सैन्य सहयोग सबसे करीबी सुरक्षा साझेदारियों में से एक है।राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, दुनिया में कहीं भी सबसे करीबी साझेदारियों में से एक जापान और अमेरिका का द्विपक्षीय सहयोग है। दोनों देशों के सैन्य अधिकारी साझा हितों की रक्षा के लिए हर दिन एक साथ काम करते हैं। जापान 2027 तक अपने रक्षा खर्च को दोगुना करने के लिए प्रतिबद्ध है...आज की हमारी बातचीत जापान-अमेरिका की साझा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

# हिंसा में 3000 की मौत, मानवाधिकार परिषद ने बुलाया आपातकालीन सत्र



जिनेवा,(ए)। कांगो के पूर्वी हिस्से में बढ़ती हिंसा के चलते जनवरी के अंत से अब तक लगभग 3,000 लोग मारे जा चुके हैं और लगभग उतने ही लोग घायल हुए हैं। लगातार बढ़ती हिंसी को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष मानवाधिकार निकाय ने आपातकालीन सत्र बुलाया। आपातकालीन सत्र के दौरान कांगो की सरकार ने 47 देशों के समर्थन से मानवाधिकार परिषद से रवांडा और एस23 विद्रोहियों को मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए जिम्मेदार ठहराने और क्षेत्र में मानवाधिकार हनन की जांच करने के लिए एक तथ्य-खोज मिशन बनाने का आग्रह किया।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने विद्रोहियों से अपनी बंदूकें रखने और मध्यस्थता के लिए सहमत होने का आह्वान किया। मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा कि हिंसा में लगातार वृद्धि के कारण कांगो में हालात बहुत गंभीर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही कुछ नहीं किया गया, तो यह संकट कांगो के पूर्वी हिस्से के निवासियों के लिए और बढ़ सकता है, और इस क्षेत्र में खनिजों की विशाल संपत्ति को लेकर और भी तनाव हो सकता है। साथ ही तुर्क ने यह भी कहा कि कांगो के लोग दशकों से अत्याचारों का सामना कर रहे हैं।

## सऊदी अरब सरकार के इस फैसले पर नाराज हुई पाकिस्तानी लड़कियां

इस्लामाबाद,(ए)। सऊदी अरब सरकार ने हाल ही में विदेशियों को निवेश की इजाजत दी है। सऊदी के बाजार नियामक ने कहा है मक्का और मदीना में रियल एस्टेट के मालिकाना हक वाली सूचीबद्ध कंपनियों में विदेशी नागरिक कुछ शर्तों के साथ निवेश कर सकते हैं। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) की सरकार के फैसले को पाकिस्तान की लड़कियों ने एतराज जताया है। पाकिस्तानी लड़कियों का कहना है कि इससे इस्लामी दुनिया को नुकसान होगा।पाकिस्तान की यूट्यूबर निमरा अहमद ने फैसले पर कई पाकिस्तानी लड़कियों से बात की है। एक पाकिस्तानी लड़की ने कहा कि मुसलमान पहले ही दुनिया में भेदभाव का सामना कर रहे हैं। दुनियाभर में मुसलमानों से खराब बर्ताव होता है। इसतरह से कम से कम जो इस्लामी देश हैं, उन्हें खुद को उसी तरह से बरकरार रखना चाहिए। सऊदी अरब में मुस्लिमों का ही दबदबा रखना चाहिए। सलमान के मॉडर्न नीति अपनाने और अर्थव्यवस्था को खोलने को पाक लड़कियों ने ठीक माना है लेकिन निवेश पर उनका ये कदम ठीक नहीं लगता है। एक और पाकिस्तानी लड़की ने कहा कि सऊदी अरब मुस्लिम बहुल्य देश होने के साथ-साथ अलग अहमियत इस्लामी लिहाज से रखता है। सऊदी में काबा और मक्का-मदीना जैसे शहर हैं। ये मुसलमानों के लिए बहुत पाक जगह हैं। इन जगहों पर किसी भी दूसरे मजहब के लोगों को इजाजत नहीं मिलाना चाहिए।

# खेल समाचार

## एलेक्स कैरी बने 150 रन बनाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज

### श्रीलंका के खिलाफ बनाया ये रिकॉर्ड

नईदिल्ली, (आरएनएस)। श्रीलंका के साथ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने इतिहास रचते हुए बड़ा कारनामा कर दिया है. उन्होंने लंकाई गेंदबाजों की पिटाई करते हुए 150 रन बनाए और वो रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है, जो अब तक कोई भी विकेटकीपर-बल्लेबाज नहीं बना सका.

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने श्रीलंका के साथ खेले जा रहे टेस्ट मैच में 150 रनों का आंकड़ा पार कर लिया है. अपने इस स्कोर के साथ ही कैरी ने इतिहास रचते हुए एक बड़ा कारनामा कर दिया है. इसी के साथ कैरी एक टेस्ट पारी में 150 रन बनाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज बन गए हैं. इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की ओर से कोई भी विकेटकीपर ऐसा नहीं कर सका है.

कैरी की इस पारी की बात करें, तो वह 156 (खबर लिखे जाने तक) के स्कोर पर नाबाद हैं. इस दौरान वह 15 चौके और 2 छक्के लगा चुके हैं.

एलेक्स कैरी ने अब तक ऑस्ट्रेलिया के लिए 39 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 35.78 के औसत से 1753 रन बनाए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 185 चौके और 12 छक्के जड़े हैं. कैरी ने अपने करियर में 2 शतक और 2 अर्धशतक लगाए हैं.

श्रीलंका के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में एलेक्स कैरी और स्टीव स्मिथ ने मिलकर एक कमाल की पार्टनरशिप की. स्मिथ और कैरी ने मिलकर 259 रनों की साझेदारी की, जो वाकई एक जाइंट पार्टनरशिप है.

## डीसी के लिए केएल राहुल के साथ ओपनिंग कर सकता है फाफ डु प्लेसिस

नईदिल्ली, (आरएनएस)। आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने एक मजबूत टीम तैयार कर ली है. हालांकि, फ्रेंचाइजी ने अब तक कप्तान का ऐलान नहीं किया है. लेकिन, उनके पास केएल राहुल सहित कुछ बेहतरीन कैप्टेंसी ऑप्शंस हैं. अब सवाल उठता है कि फ्रेंचाइजी के लिए अपकमिंग सीजन में ओपनिंग करने कौन आएगा? तो आइए आपको ओपनिंग जोड़ी के बारे में बताते हैं.

आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने 2 ऐसे खिलाड़ी खरीदे हैं, जिनका आने वाले सीजन में उनके लिए पारी की शुरुआत करते नजर आना तय है. हम बात कर रहे हैं केएल राहुल और फाफ डु प्लेसिस पारी की शुरुआत करने आ सकते हैं. दोनों के ही ओपनिंग रिकॉर्ड्स कमाल के हैं. वैसे तो दिल्ली के पास और भी ओपनिंग विकल्प हैं, लेकिन केएल-फाफ दोनों के पास ही भरपूर अनुभव है, जो टीम को मजबूत शुरुआत दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं.

दिल्ली कैपिटल्स के लिए कप्तानी के दावेदार माने जा रहे केएल राहुल ने वैसे तो आईपीएल में 123 मैच खेले हैं, लेकिन उन्होंने 99 मुकाबलो में ओपनिंग की है. फ्रेंचाइजी ने 136.92 की स्ट्राइक रेट और 48.64 के औसत से 4183 रन बनाए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 4 शतक और 35 अर्धशतक आए हैं.

फाफ डु प्लेसिस ने आईपीएल में 145 मैच खेले हैं, लेकिन उन्होंने 110 मैचों में ओपनिंग की है, जिसमें 138.307 की स्ट्राइक रेट और 37.279 के औसत से 3802 रन बनाए हैं. इस दौरान उन्होंने 33 फिफ्टी बनाई हैं. इतना ही नहीं फाफ के बल्ले से 358 चौके और 151 छक्के निकले हैं. फाफ ना केवल एक खतरनाक बल्लेबाज हैं बल्कि फाफ एक बेहतरीन फील्डर हैं और वह आईपीएल में 81 कैच लपक चुके हैं.

अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, केएल राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, अभिषेक पोरेल, मिशेल स्टार्क, हैरी ब्रूक, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, टी. नटराजन, करुण नायर, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मोहित शर्मा, फाफ डुप्लेसी, मुकेश कुमार, दर्शन नालकांडे, वी. निगम, दुष्मंथा चमीरा, डोनोवन फरेरा, अजय मंडल, मनवंत कुमार।

## चैंपियंस ट्रॉफी में बुमराह के खेलने की संभावनाएं नहीं : चोपड़ा



नई दिल्ली (ए)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खेलने की संभावनाएं नहीं हैं। चोपड़ा ने कहा कि जिस प्रकार से इंग्लैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय में हर्षित राणा ने डेब्यू किया। उससे साफ है कि बुमराह के चैम्पियंस ट्रॉफी तक फिट होने की उम्मीदें टीम प्रबंधन को नहीं हैं। बुमराह को ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान जनवरी की शुरुआत में पीठ में समस्या हुई थी। इसके बाद से वह मैदान से दूर हैं। अभी वह बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में उससे उबरने का प्रयास कर रहे हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 शुरू होने में अब कुछ ही दिन और उनकी फिटनेस पर कोई जानकारी नहीं आयी है। चोपड़ा ने भारत-इंग्लैंड के बीच पहले एकदिवीसय में हर्षित के चयन का विश्लेषण करते हुए कहा कि इस तेज गेंदबाज के खेलने से अर्शदीप सिंह की टीम में वापसी में और देरी हो सकती है। आकाश चोपड़ा ने कहा कि, हर्षित का डेब्यू मुझे क्या बता रहा है? मुझे बता रहा है कि बुमराह की चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्धता की संभावना बहुत कम है। आपने इसी वजह से हर्षित का डेब्यू कराया है क्योंकि आप सोच रहे हैं अगर चैंपियंस ट्रॉफी में बुमराह नहीं होंगे और हर्षित को ले जाना आसान रहेगा। वहीं अर्शदीप की वापसी में अभी देरी हो सकती है। वैसे भी उन्होंने काफी समय से एकदिवसीय नहीं खेला है।

## अल्काराज ने रोटर्डम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए परफेक्ट मैच खेला

रोटर्डम, (ए)। कार्लोस अल्काराज ने रोटर्डम ओपन में अपने नवीनतम प्रदर्शन को 'परफेक्ट मैच' घोषित किया, जब उन्होंने सीजन के अपने पहले एटीपी टूर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्पैनियार्ड ने शुक्रवार को हमवतन पेड्रो मार्टिनेज को 6-2, 6-1 से हराया, साथी स्पैनियार्ड के खिलाफ अपनी लगातार 12वीं जीत के साथ देशवासियों पर अपना दबदबा बनाए रखा।

अल्काराज ने मैच के बाद कहा, मैंने आज वास्तव में अच्छा टेनिस खेला, वास्तव में उच्च स्तर का और मैंने फिर से सही चीजें की हैं। मैं मैच से पहले वास्तव में अपने कामों पर, अपने टेनिस पर केंद्रित था। मैंने आज अपना सब कुछ झोंकने की कोशिश की। आक्रामक रहा, हर बिंदु पर उसे सीमा तक धकेला। मुझे लगता है कि मैंने परफेक्ट मैच खेला और मैं हर दिन सुधार करते हुए खुश हूं। उम्मीद है कि सेमीफाइनल में मैं और भी बेहतर प्रदर्शन करूंगा।

21 वर्षीय अल्काराज़ ने अपने रोटर्डम डेब्यू में बोटिक वैन डे ज़ैंड्सचुल्प को हराने के लिए तीन सेटों की ज़रूरत के बाद थकान के कोई लक्षण नहीं दिखाए। इसके बाद उन्होंने दूसरे राउंड में एंड्रिया वावस्सोरी पर शानदार जीत दर्ज की और मार्टिनेज के खिलाफ़ भी उतने ही प्रभावशाली रहे, उन्होंने 71 मिनट तक चले मुकाबले को क्लिनिकल अंदाज़ में जीत लिया। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने पहले सेट में 17 विनर्स लगाए और कभी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं किया।स्पेनियार्ड अब अपने कोच जुआन कार्लोस फरेरो (2004), राफेल नडाल (2009) और पाब्लो कारेनो बुस्ता (2020) के नक्शेकदम पर चलते हुए रोटर्डम में एटीपी 500 इवेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले देश के एलीट खिलाड़ियों के समूह में शामिल हो गया है।

## टेस्ट डेब्यू के बाद खराब फॉर्म पर कोंस्टास ने माना : मैं उस पल में फंस गया था

ब्रिस्बेन, (ए)। उभरते हुए ऑस्ट्रेलियाई स्टार सैम कोंस्टास ने स्वीकार किया है कि भारत के खिलाफ अपने तूफानी टेस्ट डेब्यू के दौरान वह उस पल में फंस गए थे, क्योंकि उन्होंने शनिवार को शील्ड क्रिकेट में वापसी की।

19 वर्षीय खिलाड़ी ने जसप्रीत बुमराह जैसे भारतीय आक्रमण के खिलाफ आक्रामक 60 रन बनाकर क्रिकेट जगत को चौंका दिया। हालांकि, अपनी अगली तीन पारियों में सिर्फ 53 रन बनाने के बाद, चयनकर्ताओं ने उन्हें अधिक अनुभव हासिल करने के लिए घरेलू क्रिकेट में वापस भेजने का विकल्प चुना, जिससे श्रीलंका दौरे के लिए ट्रेविस हेड को ओपनिंग करने के लिए बढ़ावा मिला।

सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से बात करते हुए, कोंस्टास ने स्वीकार किया कि एमसीजी और एससीजी जैसे प्रमुख स्थानों पर खेलने की भावना ने उनके खेल को प्रभावित किया।

कोंस्टास ने कहा, मुझे लगता है कि मेरे लिए, मुझे बस खेल से प्यार है और मैं उस पल में फंस गया - निश्चित रूप से।पहली बार बड़ी भीड़ के सामने खेल रहा हूं। मुझे लगा कि भावनाएं मुझ पर काफी हावी हो गई हैं, और उम्मीद है कि अगर मैं फिर से उस स्थिति में आऊं तो मैं इसे थोड़ा बेहतर तरीके से नियंत्रित कर पाऊंगा।

## पॉल, शापोवालोव, मुनार और रुड डलास ओपन के सेमीफाइनल में

डलास(आरएनएस)। डलास ओपन खिताब की रक्षा के लिए लगातार तीसरे मैच में टॉमी पॉल ने एक साथी अमेरिकी को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शुरुआती दौर में जेनसन ब्रूक्सबी और एथन क्विन के खिलाफ तीन सेटों में कड़ी जीत के बाद, तीसरे वरीय खिलाड़ी ने शुक्रवार के क्वार्टर फाइनल में अपने करीबी दोस्त रीली ओपेल्का को 7-6(3), 6-2 से हराकर दमदार प्रदर्शन किया।पॉल, जो अब 2024 की शुरुआत से घरेलू धरती पर 17-5 के रिकॉर्ड का दावा कर रहे हैं, ने डलास में सात जीत हासिल की हैं। शीर्ष 10 खिलाड़ी के रूप में अपने पहले टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करते हुए, विश्व नंबर 9 अपने 16वें टूर-लेवल सेमीफाइनल (7-8) और इंडोर हार्ड कोर्ट पर अपने चौथे सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उल्लेखनीय रूप से, पॉल ने इस चरण में अपने पिछले चार इंडोर मौकों में से प्रत्येक में खिताब जीता है, जिसमें स्टॉकहोम (2021, 2024) और डलास (2023) में जीत शामिल है।27 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी के साथ अपने आमने-सामने के मुकाबले में, पॉल की कमांडिंग सर्विस ने उन्हें 6 फुट 11 इंच के ओपेल्का के खिलाफ खेल को नियंत्रित करने की अनुमति दी।

# बीपीएल विवादों में घिरा, मॉडल येशा ने पहनी साड़ी, प्रबंधन ने किया बाहर



नई दिल्ली,(ए)। बांग्लादेश प्रीमियर लीग विवाद से घिर गया है क्योंकि चटगांव किंग्स के प्रतिनिधि यशा सागर ने टूर्नामेंट के बीच में ही बांग्लादेश को छोड़ दिया है। किंग्स ने कनाडाई मॉडल और मॉडल येशा को पूरे बीपीएल के लिए नियुक्त किया था। येशा को इस दौरान फ्रेंचाइजी की प्री-मैच, पोस्ट-मैच और प्रायोजन भूमिकाओं में शामिल होना था। यह बिल्कुल वैसे ही जैसे आरसीबी के लिए मिस्टर नेग्स वैसे ही चटगांव किंग्स के लिए येशा।येशा बीते दिनों ही साड़ी में एंकरिंग करते नजर आई थी। येशा का यह स्टाइल फैंस ने खूब पसंद किया। इंस्टाग्राम पर ही उनकी इस वीडियो को 2 लाख से ज्यादा लाइक मिले थे। इसी महीने चीजों में भारी बदलाव आया क्योंकि किंग्स ने उन्हें एक नोटिस भेजा जिसमें उन पर आधिकारिक प्रायोजन रात्रिभोज में भाग न लेने और अपनी प्रायोजन शूटिंग पूरी नहीं करने का आरोप लगाया है। चटगांव किंग्स के मालिक समीर कादर चौधरी ने टिप्पणी की कि अनुबंध के मुताबिक येशा अपने कर्तव्यों को निभाने में विफल रहे हैं, और आधिकारिक तौर पर आमंत्रित किए जाने के बावजूद, रात्रिभोज में शामिल नहीं हुई जिससे चटगांव किंग्स को वित्तीय और प्रतिष्ठित की क्षति हुई है।नोटिस से आहत येशा ने इसका जवाब नहीं दिया, बल्कि बांग्लादेश से बाहर जाने का विकल्प चुना। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऐसा कहा जा रहा है कि वह भारत के लिए उड़ान भर चुकी हैं और लीजेंड्स 90 लीग को होस्ट कर रही हैं। बांग्लादेश प्रीमियर लीग लगातार विवादों में है। इससे पहले दरबार राजशाही के मालिक विदेशी सितारों को भुगतान करने में विफल रहे थे, जिसके बाद उन्होंने बकाया भुगतान न होने पर रंगपुर राइडर्स के खिलाफ मैच से हटने का फैसला किया था। परिणामस्वरूप, राजशाही की प्लेइंग 11 में सभी 11 बांग्लादेशी खिलाड़ी खेले जोकि बीपीएल के नियमों का उल्लंघन है। नियमों के मुताबिक एक टीम को कम से कम दो विदेशी सितारों के साथ खेलना जरुरी है।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के संचालन के दस वर्ष पूर्ण, नर्मदापुरम में विशेष कार्यक्रम आयोजित




नर्मदापुरम (निप्र)। बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना संचालन के दस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित कुमार डेहरिया और सहसंचालक व्ही पी गौर के मार्ग दर्शन में वन स्टाप सेन्टर के द्वारा शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (ITI) नर्मदापुरम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वन स्टाप सेन्टर प्रशासक प्रतिभा बाजपेयी के द्वारा माहावारी स्वच्छता का प्रबंधन, 181 महिला हेल्प लाइन, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, वन स्टाप सेन्टर की जानकारी, pc × pndt act की जानकारी दी गई। डॉ मंयक तौमर (केरियर कांउसलर) ने छात्र छात्राओं को केरियर के विषय में विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्य सतीश कुमार मौर्य ने छात्र छात्राओं को तकनीकी विषय में प्राप्त शिक्षा के लिये मार्ग दर्शन प्रदान किया। इस कार्यक्रम में वन स्टाप सेन्टर का स्टाफ तथा शासकीय संभागीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्था (ITI) समस्त स्टाफ उपस्थित था।

## मुख्यमंत्री द्वारा 10 फरवरी को किया जाएगा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की तृतीय किस्त का वितरण

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत वर्ष 2024-25 की तृतीय किस्त का वितरण 10 फरवरी 2025 को सोनकच्छ, जिला देवास से किया जाएगा। इस योजना के तहत प्रत्येक किसान परिवार को कुल राशि 6000 रुपये तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है, जिसमें से यह तीसरी किश्त है। जिले में उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर प्रोजेक्टर के माध्यम से किया जाएगा जिससे योजना से जुड़े समस्त हितग्राही कार्यक्रम को देख एवं सुन सकेंगे।

# भागवत जी भगवान की शरण में ले जाती है जिससे कल्याण होता है : महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद जी

### मां ललिता आश्रम में 114 ब्राम्हणों के द्वारा जारी है श्रीमद् भागवत अष्टोत्तर शत पाठ





नर्मदापुरम (निप्र)। मां ललिता आश्रम में श्रीमद् भागवत अष्टोत्तर शत के अवसर पर व्यास पूजन के बाद संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई। कथा में श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद जी ने कहा कि भागवत जी भगवान की शरण में ले जाती है। जिससे सभी का कहल्याण होता है। कथा के पांचवे दिन गोवर्धन लीला एवं बाल लीलाओं का सुमधुर वर्णन करते हुए व्यास गादी से स्वामी ने बहुत सुंदर भजनों की प्रस्तुति देते हुए कथा को विस्तार दिया। इस अवसर पर कथा स्थल पर गाय के गोबर से भगवान श्री गोवर्धन गिरधारी जी का विग्रह बनाया गया साथ ही 56 भोग भी लगाया गया। जिसके दर्शन कर श्रद्धालुओं ने पुण्य अर्जित किया।व्यास मंच के सामने 114 ब्राम्हणों के द्वारा भागवत जी के मूल पाठ किया जा रहा है। जिसके दर्शन लाभ श्रद्धालुओं को सहज ही मिल रहे हैं। महामंडलेश्वर जी के मुखारबिंद से भागवत कथा का सभी श्रद्धालु भक्तगण बड़ी श्रद्धा से कथा श्रवण कर रहे हैं। जिसमें माँ ललिता आश्रम के संचालक आचार्य पं अजय दुबे ने बताया की संपूर्ण मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं शहरों से पधारे यजमान अपने पितरों के उद्धार के लिए श्रीमद् भागवत का मूल पाठ एवं श्री भागवत कथा श्रवण के लिए आश्रम में पधारे हैं 108 यजमानों के लिए भगवान से प्रार्थना की सभी के पितरों के उद्धार के लिए सभी यजमानो द्वारा भागवत के मूल पाठ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा कराए जा रहे हैं। आचार्य पं दुबे ने बताया कि यह 108 भागवत पुराण का तृतीय वर्ष है, पिछले दो वर्ष में भी 108 यजवानों द्वारा अपने पितरों के उद्धार के लिए 108 श्रीमद् भागवत मूल पाठ सहित संगीतमय भागवत कथा का आयोजन किया गया था। उसी क्रम में इस वर्ष भी माँ नर्मदा जी की कृपा से नर्मदा के प्रकटोत्सव से 108 भागवत के मूल पाठ सहित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। सभी अधिक से अधिक संख्या में धर्म लाभ के लिए श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने पधारे एवं साथ ही अपना और अपने पितरों का उद्धार करें। पांचवे दिन कथा व्यास मंच के आचार्य पं नीरजेश त्रिपाठी, सहित विप्र मंडली, शिव संकल्प साहित्य परिषद के पं गिरिमोहन गुरू, रणजीत सिंह, बलराम शर्मा, आरती शर्मा, अखिलेश गुरू, हंस राय, महेंद्र यादव सहित अनेकानेक श्रद्धालुओं ने स्वामी जी का आशीर्वाद ग्रहण किया। संचालन आचार्य पं अजय दुबे ने किया।

## हैंडबॉल अकादमी के तीन खिलाड़ी चयनित

नर्मदापुरम (निप्र)। उत्तराखंड में चल रही 38वीं राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिमालय हैंडबॉल अकादमी के 3 खिलाड़ी जीत खरारे, सुमित कहारए सतीश मशराम का चयन हुआ है। ये तीनों मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर समेरिटेन्स स्कूल के संचालक और मध्यप्रदेश हैंडबॉल एसोसियेशन के उपाध्यक्ष डॉ आशुतोष शर्मा प्राचार्या श्रीमती प्रेरणा रावत जिला खेल अधिकारी सुश्री उमा पटेल आस्कर एरिन सचिन खम्परिया विनोद कुमार साहू विक्रांत खम्परिया एवं सभी हैंडबॉल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया।

## दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर जसपाल सिंह अरोरा ने दी बधाई

सीहोर (निप्र)। देश की राजधानी दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर सीहोर के वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने भी बधाई दी है। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा है कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रयासों सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं अथक परिश्रम की जीत है। दिल्ली में भाजपा की जीत ने यह भी साफ कर दिया है कि अब देश को डबल इंजन की सरकार ही चाहिए। अब दिल्ली की जनता भ्रष्टाचारी सरकार को नहीं चाहती। श्री अरोरा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी पर ही पूरी तरह से झाड़ू चला दी है और उन्हें अब 'आपदा' की जरूरत नहीं है।

# कलेक्टर सोनिया मीना ने किया नर्मदा लोक कॉरिडोर की डीपीआर का अवलोकन

### सीएमओ को किया समय पर कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित




नर्मदापुरम (निप्र)। शनिवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने नर्मदा लोक कॉरिडोर की Detailed Project Report (DPR) का अवलोकन किया। इस योजना के तहत प्रथम चरण में सेठानी घाट से पर्यटन घाट, कोरी घाट और हर्बल पार्क घाट के विकास के लिए 20 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य शुरू होने हैं। कलेक्टर ने संबंधित उपयंत्री को निर्देश दिए कि डीपीआर को तकनीकी स्वीकृति से पहले जिला स्तर की समिति के समक्ष रखा जाए।कलेक्टर ने कहा कि नर्मदा लोक कॉरिडोर परियोजना को समय पर पूरा किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्यों की निगरानी प्रभावी ढंग से की जाए, ताकि निर्धारित समय सीमा में सभी कार्य पूरे किए जा सकें।इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने राजघाट के विकास कार्य की डीपीआर का भी अवलोकन किया और इसके शीघ्र कार्यान्वयन के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने खोजनपुर में चल रहे लीगेसी वेस्ट प्रबंधन कार्य की समीक्षा की। उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया है कि संबंधित ठेकेदार से शीघ्र कार्य पूरा करवाया जाना सुनिश्चित करे उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि इसमें किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। समीक्षा बैठक में सीएमओ हेमेश्वरी पटले, तहसीलदार देव शंकर धुर्वे, उपयंत्री आयुषी और प्रतीमा बेलिया उपस्थित थे।

# सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण 30 बालिकाओं को लगाई गई सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन




नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार के मार्गदर्शन में जिले मे सर्वाइकल कैंसर से बचाव एवं जागरूक बढ़ाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शनिवार 8 फरवरी को मुस्कान संस्था न्यास कॉलोनी इटारसी में निवास करने वाली 30 बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन चिकित्सालय इटारसी के अधीक्षक डॉ आर.के.चौधरी, डॉ ज्योत्सना पवालया (स्त्री रोग विशेषज्ञ), मुस्कान संस्था प्रभारी रितु राजपूत की निगरानी में लगाई गई। डॉ ज्योत्सना के द्वारा जानकारी दी गई यह वैक्सीन गर्भाशय कैंसर से बचने के लिए लगाई जाती है। वैक्सीन शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाती है इसके अभी तक कोई भी साइड इफेक्ट देखने को नहीं मिले हैं यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है। सर्वाइकल कैंसर की शुरुआती अवस्था में महिलाओं में कोई लक्षण नजर नही आते है, शुरुआती अवस्था में सर्वाइकल कैंसर का पता लगने पर इसका उपचार आसान रहता है। सर्वाइकल कैंसर की जॉच वी आई ए (विजुअल इंस्पेक्शन विथ एसिटिक एसिड) के माध्यम से की जाती है, यह एक साधारण परीक्षण है जिसके द्वारा आसामान्य कोशिकाओं का पता लग जाता है।

## अ.जा. महिला अयोध्या बाई मालवीय एवं पति पुत्र द्वारा घर में घुसकर धार दार हथियार से मनोज सिंह को घायल कर झूठी शिकायत पर कार्यवाही कि मांग

सीहोर (निप्र)। ग्राम पचामा थाना कोतवाली सीहोर म . प्र. अंतर्गत अ.जा. महिला अयोध्या बाई मालवीय पति रामचरण मालवीय पुत्र रामप्रसाद मालवीय(रामा) द्वारा मुकेश सिंह चौहान के खसरा क्रमांक 178 भूमि के पट्टे के मकान में दादा गिरी से घुसकर धारदार हथियार कुलड़ी सरिया डंडे से प्राणघातक हमला कर जान से मारने की कोशिश की जिसका वीडियो उपलब्ध है उक्त घटना में मनोज सिंह का हाथ फ्रैक्चर है । पीड़ित द्वारा सिटी कोतवाली में शिकायत करने पर अयोध्या बाई , रामचरण मालवीय , रामप्रसाद मालवीय (रामा) के विरुद्ध अपराध क्रमांक 0087 दिनांक 31/01/25 को धारा बी एन एस धारा 296,115(2),351(3),3(5) के तहत अपराधियों पर प्रकरण पंजीवत किया गया आरोपीगण द्वारा कलेक्टर एस.पी. को झूठी शिकायत कर मीडिया को भी भ्रमित कर बयान जारी किए जा रहे है । आरोपीगण द्वारा मुकेश सिंह चौहान के निजी मकान का ताला तोड़ कर कब्जा करने का प्रयास विगत 2 माह से किया जा रहा है।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया के जनता दरबार के दौरान बर्खास्त शिक्षक ने आत्मदाह करने की कोशिश की

शिवपुरी, (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जनता दरबार के दौरान बर्खास्त शिक्षक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश की। शनिवार को मानस भवन में सांसद से न मिल पाने पर कई लोग नाराज दिखे। सुनवाई न होने पर महिला रोई। प्रशासन ने सभी के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही।दरअसल जनता दरबार में हजारों लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। इसमें आए 1261 आवेदन में से 161 का मौके पर ही निराकरण किया गया। अधिकारियों ने कहा सभी मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की गई। वृद्धावस्था पेंशन के लिए पहुंचे बुजुर्गों को सिंधिया के सामने ही स्वीकृति पत्र प्रदान किए। 31 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण दिए।मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि शिविर में आए आवेदनों की निगरानी की जाएगी और सभी समस्याओं का समय सीमा में निराकरण किया जाएगा। उन्होंने एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।जनसुनवाई में भूपेंद्र गुप्ता नाम के पूर्व शिक्षक ने अपनी नौकरी बहाली और पीएम आवास योजना के तहत मकान की मांग को लेकर पहुंचे। यहां उन्होंने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की। हालांकि पुलिस ने उन्हें तुरंत रोक लिया। यह बात सिंधिया तक नहीं पहुंच पाई। पुलिस ने बताया भूपेंद्र वर्ग-3 का शिक्षक था, जिसे दो साल तक बिना सूचना अनुपस्थित रहने के कारण नौकरी से निकाल दिया गया था। यह पहला मौका नहीं है, जब उसने ऐसा किया। भूपेंद्र इससे पहले भी फिजिकल क्षेत्र में पानी की टंकी पर चढ़कर कूदने की कोशिश कर चुका है।प्रशासन ने तब भी समझाकर उसे नीचे उतारा था। प्रशासन का कहना है कि उसकी मांगों पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है, लेकिन बार-बार इस तरह की घटनाओं को अंजाम देना सही नहीं है।

# पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एवं कम्यूनिकेशन स्किल ट्रेनिंग का समापन




नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान से प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में शा. कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में छात्राओं के लिए चल रहे अल्पावधि रोजगार उन्मुखी 'पर्सनालिटी डेवलपमेंट एवं कम्युनिकेशन स्किल ट्रेनिंग" प्रशिक्षण का समापन किया गयाद्य समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक सिवनी मालवा श्री प्रेम शंकर वर्मा द्वारा मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य डॉ उमेश कुमार धुर्वे द्वारा विधायक जी एवं अन्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। प्रशिक्षण के संयोजक डॉ. धर्मेंद्र सिंह क्रीड़ा अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई उनके द्वारा बताया गया कि यह प्रशिक्षण 15 जनवरी 2025 से 8 फरवरी 2025 तक चला तथा इस प्रशिक्षण में 82 छात्राओं ने प्रशिक्षण लिया। इसके लिए मंगल वेलफेयर सोसाइटी, रिट्ज कंप्यूटर सेंटर सिवनी मालवा एवं विभिन्न क्षेत्रों में योग्यता रखने वाले रिसोर्स पर्सन डॉ आर रघुवंशी प्राचार्य कुसुम महाविद्यालय सिवनी मालवा, सानू पंडित राम द्वारा सिवनी मालवा, रजत अग्रवाल प्रबंधक रिट्स कंप्यूटर कॉलेज सिवनी मालवा एवं रत्नेश साहू सचिव साथी जन शिक्षण एवं संस्कृति समिति नर्मदापुरम को आमंत्रित किया गया है। विधायक श्री वर्मा द्वारा छात्राओं को प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र दिए गए। उनके द्वारा बताया गया कि यह ट्रेनिंग भविष्य में उनके करियर के लिए लाभकारी रहेगी। समापन समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक प्रेम शंकर वर्मा, वीरेंद्र मिश्रा वरिष्ठ समाजसेवी, नीरज तिवारी, अनुराग पवार, विष्णु लोवंशी, डॉक्टर मोहर सिंह हिंडोलिया आदि अतिथियों का वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बाऊ पटेल द्वारा आभार प्रकट किया गया।

### काका लायंस ने रोमांचक मैच में क्रिसेंट वारियर्स को दो रन से हराया

# आज खेला जाएगा शहर के बीएसआई मैदान पर जारी एसपीएल-सीजन-6 का फाइनल

सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान पर खेली जा रही एसपीएल-सीजन-6 लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को काफी रोमांचक मैच खेला गया। इस मैच में काका लायंस ने अंतिम ओवर में क्रिसेंट वारियर्स को दो रन से हराया। मैच के अंतिम ओवर में वारियर्स को तीन रन चाहिए थे, लेकिन काका लायंस की शानदार गेंदबाजी के आगे बल्लेबाज बेबस नजर आए और पूरी टीम 19.4 ओवर में 128 रन पर सिमट गई।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी काका लायंस की शुरूआत खराब रही। उसके सलामी बल्लेबाज हितेश पांच गेंद पर एक रन और सेमसन मात्र नौ रन के निजी स्कोर पर वारियर्स के गेंदबाज उज्जवल ने आउट किया, लेकिन विकेट पर आए दिग्गज खिलाड़ी नीरज मेहरा ने 20 गेंद पर 13 रन और कमलेश परोचे ने 27 गेंद पर 34 रन बनाकर पारी को संभाला। इस मैच में चेतन मेवाड़ा ने 25 रन, हेमंत केसरिया ने 17 रन और आनंद ने 12 रन की पारी खेली थी, इस प्रकार लायंस ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 130 रन बनाए। वहीं क्रिसेंट वारियर्स की ओर से उज्जवल ने चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट, हेमंत चौरसिया, मयंक, विशांक शिंदे, रुपेश और निशांत ने एक-एक विकेट हासिल किए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्रिसेंट वारियर्स की टीम अंतिम ओवर तक संघर्ष करती नजर आई, पूरी टीम 19.4 ओवर में 128 रन ही बना सकी, इस प्रकार दो रन से पराजय का सामना करना पड़ा। इसमें जितेन्द्र जायसवाल ने 23 रन, विकास ने 19 रन, मयंक ने 17 रन, सुनील जलोदिया ने 23 रन, आशीष-हेमंत चौरसिया ने 13-13 रन बनाए थे। इधर काका लायंस की ओर से चेतन मेवाड़ा ने दो, स्पनिल भारिया ने 4 ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट के अलावा आदित्य अग्रवाल, नीरज मेहरा ने एक-एक विकेट हासिल किया।

## जुआ खेलते पकड़ने जाने पर बदमाश बोला- तू आरएसएस का आदमी है, तेरी वर्दी उतरवा दूंगा

खंडवा,(आरएनएस)। सूचीबद्ध बदमाश कलीम खान को उसके दोस्तों के साथ जुआ खेलते पुलिस ने पकड़ा तो उसने हंगामा कर दिया। इस दौरान उसने पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी की। कलीम ने चौकी प्रभारी रामप्रकाश यादव को धमकाते हुए कहा कि 'तू आरएसएस का आदमी है, तेरी वर्दी उतरवा दूंगा।' इसका वीडियो भी सामने आया है।वहीं, पंचनामा बनाते वक्त पुलिस के पक्ष में बयान देने वालों से उसने कहा कि मेरे खिलाफ बोले तो गांव में रहना मुश्किल कर दूंगा। आरोपी ने सीने में दर्द और बेहोशी का नाटक भी किया। इसके बाद पुलिस बदमाश कलीम खान समेत चार लोगों को थाने ले आई। वहीं दो लोग मौका पाकर भाग निकले। पुलिस ने ये कार्रवाई शुक्रवार शाम को की।पंधाना थाना प्रभारी दिलीप देवड़ा ने बताया कि खिराला गांव में जुआ खेलने की सूचना पर बोरगांव बुजुर्ग पुलिस चौकी प्रभारी रामप्रकाश यादव को टीम के साथ मौके पर भेजा गया। खेत में लगी मक्के की फसल की आड़ में वहां जुआ चल रहा था। पुलिस से बचने के लिए 6 जुआरी भाग निकले। पुलिसकर्मियों ने ढूंढ़कर चार जुआरियों को पकड़ लिया। जुआरियों के कब्जे से 2486 रुपए कैश, ताश के पत्ते और तीन मोबाइल सहित एक बाइक जब्त की गई है। इनकी कुल कीमत 88 हजार 486 रुपए है। पुलिस ने शनिवार दोपहर डेढ़ बजे चारों आरोपियों का जुलूस भी निकाला।आरोपियों में खिराला निवासी कलीम खां (38), अब्दुल कादर (40), नदीम खान (26) और शेख रईस (40) निवासी बोरगांव है। कलीम पर मारपीट, चोरी व अन्य मामले पहले से दर्ज हैं। जबकि, भागने वाले आरोपियों में फिरोज निवासी इस्लामपुर, साबिर शाह निवासी ग्राम खिराला हैं।

**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा दिनांक : 06.02.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में मुख्या परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** सीपीएम -जीएसयू-जबल-03-2025 दिनांक 06.02.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** - पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल पर घाट पिनड्राई स्टेशन पर गुड्स शेड सुविधाओं के विस्तार के कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये**- 21,04,94,250/-, **बयाना राशि रूपये**- 12,02,500-, **समापन अवधि**- 24 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे तक** - 04.03.2025, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि**- 04.03.2025, उपरोक्त ई निविदा के संपूर्ण जानकारी वेबसाईट https://www.ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के आलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सहायक मंडल अभियंता गति शक्ति यूनिट**
**पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com